हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 23.5 डिग्री

13 एक्शन में महापौर, कहा- बैजनाथपारा मार्ग...



14 शहर की सड़कें अभी से जाम अब बनाया जा रहा 10 साल...



# 15 लाख आबादी, सिर्फ दो स्वच्छता इंस्पेक्टर, 36 पद खाली, कहां से होगा शहर साफ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम में स्वच्छता निरीक्षकों के 36 पद और सहायक स्वच्छता निरीक्षकों के 86 पद 6 साल से खाली पड़े हैं। देखरेख नहीं हो रही है, इसलिए सफाई में मनमानी हावी है। निगरानी का सिस्टम ठप होने से जहां आम आदमी त्रस्त है, वहीं शहर की सफाई व्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में स्वच्छता निरीक्षकों के 130 पद रिक्त हैं, जिसकी भर्ती 6 साल से नहीं हुई है। इनमें से 36 पद रायपुर के हैं। दिक्कत इसलिए बढ़ी है क्योंकि ज्यादातर स्वच्छता निरीक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, कुछ जगह स्वच्छता निरीक्षक गिनती के रह गए हैं। रायपुर नगर निगम में केवल 2 स्वच्छता निरीक्षक वर्तमान में पदस्थ हैं। इनमें से एक अनुकंपा नियुक्ति से और दूसरे प्रतिनियुक्ति के तहत सेवा दे रहे हैं।


दरअसल ठेके पर चल रही शहर के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था की निगरानी का सिस्टम गड़बड़ा गया है। दस जोन के हिसाब से स्वच्छता निरीक्षक और सहायक स्वच्छता निरीक्षकों की भारी कमी है। इसका असर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था की निगरानी पर दिखने लगा है। हालत ये है कि 70 वार्डों में सफाई की देखरेख करने निगम के स्वच्छता विभाग के पास गिनती के मात्र 2 स्वच्छता निरीक्षक कार्यरत हैं, जो कि शहर के विस्तार और वार्डों की ▶▶|शेष पेज 13 पर

### और भी कई पद खाली

रायपुर नगर निगम में स्वच्छता निरीक्षकों के 36 पदों पर पिछले 6 साल से भर्ती नहीं हो पाई है। इन पदों को पात्र अभ्यर्थियों से भरा जाए तो काफी हद तक वार्डों में सफाई की मॉनिटरिंग का सिस्टम सुधर सकता है। इसी तरह सहायक स्वच्छता निरीक्षकों के 86 पद रिक्त हैं। निगम में सहायक स्वच्छता निरीक्षक नहीं होने से ग्राउंड लेवल पर निगरानी प्रभावित हो रही है। चूंकि शहर की सफाई सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला है, ऐसे में पर्याप्त निरीक्षकों के नहीं होने से निगरानी पर असर पड़ रहा है। वहीं मलेरिया, डेंगू, पीलिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

## 6 साल से नहीं हुई भर्ती, वार्डों में सफाई की निगरानी का सिस्टम ध्वस्त

- सहायक स्वच्छता निरीक्षक के 86 पद भी रिक्त
- ठेकेदारों की बल्ले-बल्ले, आम आदमी परेशान



### 2018-19 में हुई थी भर्ती

सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में वर्ष 2018-19 स्वच्छता निरीक्षकों की भर्ती परीक्षा हुई थी, जिसमें काफी खामियां हुईं और 57 पदों में से केवल 3-4 पद ही भर पाए। वेटिंग लिस्ट भी नहीं निकाली गई। वर्तमान में प्रदेशभर के नगरीय निकायों में स्वच्छता निरीक्षक के 130 से ज्यादा पद रिक्त हैं। मात्र 10 फीसदी स्वच्छता निरीक्षक पदों पर अफसर कार्यरत हैं। सालों से भर्ती नहीं होने से पूर्व से कार्यरत अधिकतर स्वच्छता निरीक्षक सेवानिवृत्त हो गए हैं। वहीं पात्र अभ्यर्थी रिक्त पदों पर भर्ती का इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### लखमा के खिलाफ आज कोर्ट में पेश करेंगे चालान



रायपुर। दो हजार करोड़ रुपए के ज्यादा शराब घोटाला के आरोप मे जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ सोमवार को ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में चालान पेश किया जाएगा। विभागीय अफसर चालान पेश करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। चार्जशीट में लखमा की भूमिका का उल्लेख किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कवासी लखमा के खिलाफ आठ हजार पन्नों का चालान तैयार किया गया है।

### बाइक चोरी के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नाबालिग को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन बाइक जब्त की है। ब्रह्मदेई पारा निवासी कुंदन दीक्षित की शिकायत पर नाबालिग को बाइक चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नाबालिग ने पिछले महीने 8 मई को कुंदन की एक्टिवा चोरी की थी। चोरी की दोपहिया को नाबालिग बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था।

### मुख्यमंत्री सहायता योजना के लिए रिश्वत, केस दर्ज

रायपुर। अभनपुर पुलिस ने महिला से स्तन कैंसर का इलाज करने मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत 10 प्रतिशत कमीशन मांगने वाले अज्ञात के खिलाफ ठगी की अपराध दर्ज की है। टिकेश्वर साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके गांव की डूनेश्वरी साहू ने इलाज कराने मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत आवेदन लगाया है। आवेदन लगाने के बाद से अज्ञात व्यक्ति महिला को कॉल कर राशि स्वीकृत कराने 10 प्रतिशत कमीशन देने दबाव बना रहा है।




### कार खड़ी करने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने बाप-बेटे के खिलाफ कार खड़ी करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जोगेंद्र राउत ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उसका छोटा भाई अपने दोस्तों के साथ बूढ़ापारा स्थित महिला समृद्धि बाजार के पास कार पार्क कर खड़ा था। इस दौरान राजकुमार गुप्ता और उसके बेटे अभिलाष गुप्ता ने जोगेंद्र के साथ विवाद कर जानबूझकर उसकी कार के सामने अपनी कार पार्क करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### गांजा पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर। कबीर नगर थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ गांजा पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अटल आवास निवासी भूपेंद्र साहू ने साहिल तथा सचिन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के उससे गांजा पीने के लिए पैसे मांग रहे थे। इंकार करने पर साहिल तथा उसके साथी ने भूपेंद्र के साथ मारपीट की।

जनवरी में छापेमारी के बाद 23 अस्पतालों पर हुई थी निलंबन की कार्रवाई

# एप्रोच वालों को फिर से 'आयुष्मान भवः', ग्रामीण इलाके के छोटे अस्पताल अपील-सुनवाई में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

गलत तरीके से इलाज करने के आरोप में निलंबन के शिकार हुए कुछ बड़े अस्पतालों की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में गुपचुप तरीके से एंट्री हो चुकी है। ग्रामीण इलाकों में स्थापित डेढ़ दर्जन अस्पताल अभी भी इस मामले में अपील और सुनवाई में फंसे हुए हैं। नेशनल फ्रॉड यूनिट से मिली जानकारी के बाद स्टेट नोडल एजेंसी की छापामार टीम ने जनवरी महीने में कार्रवाई की थी। हितग्राहियों के गलत पैकेज ब्लॉक करने, इलाज के दौरान अतिरिक्त राशि लेने और अस्पताल में डॉक्टरों सहित अन्य सुविधाओं की कमी के मामले में इनके खिलाफ तीन माह से एक साल तक निलंबन की कार्रवाई की गई थी।

सूत्रों के अनुसार निलंबन की कार्रवाई के लिए अस्पतालों को उनकी कमियां भी गिनाई गई थीं। जिस पर सुधार और गलतियों पर खेद व्यक्त करने के बाद अस्पतालों द्वारा स्टेट नोडल एजेंसी के फैसले पर पुनर्विचार के लिए आवेदन किया गया था। इस दौरान एप्रोच का खेल चला और 50 बेड से अधिक क्षमता वाले अस्पतालों के मामलों की सुनवाई पूरी की गई। उनके द्वारा जताए गए खेद और घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने के आश्वासन को ▶▶|शेष पेज 13 पर

## गलत पैकेज, अतिरिक्त वसूली के साथ सुविधाओं की कमी पर हुआ था एक्शन


पुरानी टीपीए कंपनी का अनुबंध 30 अप्रैल को खत्म, नई की प्रक्रिया शुरू नहीं

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का ऑडिट दो माह से अटका निजी अस्पतालों से आ रहे उपचार के धड़ाधड़ क्लेम

### खास बातें

- नेशनल फ्रॉड यूनिट से मिली जानकारी के बाद स्टेट नोडल एजेंसी की छापामार टीम ने जनवरी महीने में कार्रवाई की थी
- सुधार और गलतियों पर खेद व्यक्त करने के बाद अस्पतालों द्वारा स्टेट नोडल एजेंसी के फैसले पर पुनर्विचार के लिए किया था आवेदन

### कुछ अस्पतालों के पार्टनर बदल गए

पुनर्विचार के आवेदन सुनवाई के बाद लंबित होने की वजह से चार मध्यम दर्जे के अस्पतालों के पार्टनर बदल चुके हैं। वहीं कई अस्पताल अपनी निलंबन अवधि के दौरान बंद होने की कगार पर हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि छोटे और मंझोले अस्पतालों का संचालन स्वास्थ्य सहायता योजना के मरीजों के भरोसे होता है। योजना से निलंबित होने की वजह वे इन मरीजों का इलाज नहीं कर पा रहे हैं और बिकने अथवा बंद होने की कगार पर हैं।

### शुरू नहीं हुई पैकेज संशोधन की प्रक्रिया


आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना का पैकेज काफी पुराना है और इसमें बदलाव की डिमांड काफी समय से की जा रही है। विभिन्न चिकित्सकीय संगठनों द्वारा बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए इसमें संशोधन की मांग की जा चुकी है। शासन स्तर पर इसमें आश्वासन मिल चुका है, मगर अब तक विभागीय स्तर पर इस पर किसी तरह की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि पैकेज कम होने की वजह भी अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं।

### कई अस्पतालों में गंभीर मामले

जांच के दौरान राज्य के कई नामी हास्पिटल्स में भी गड़बड़ी सामने आई थी। कुछ अस्पतालों में सामान्य वार्ड के मरीजों का आईसीयू वाला पैकेज ब्लॉक किया गया था तो कुछ सौ बेड से ज्यादा क्षमता वाले अस्पताल दो से तीन डाक्टरों के भरोसे चल रहे थे। कई अस्पतालों में मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। राज्य के 15 अस्पतालों को एक साल के लिए योजना से निलंबित किया गया था। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि जांच के दौरान 10 बेड और 100 से ज्यादा बिस्तर की क्षमता वाले अस्पतालों को नियम के मामले में एक ही नजरिए से देखा गया था।

## हल्की से मध्यम वर्षा का आज से विस्तार, मध्य हिस्से में ज्यादा प्रभाव की उम्मीद

- शहर में दिनभर चलता रहा बूंदाबांदी का दौर, चांदो में सर्वाधिक 7 सेमी.



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा संभाग के एक-दो स्थानों पर सिमटी बारिश का दायरा सोमवार से प्रदेश में बढ़ने की उम्मीद है। इसके लिए बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार हो गया है, जो ओडिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इस बार हल्की से मध्यम वर्षा का क्षेत्र प्रदेश का मध्य हिस्सा यानी रायपुर और दुर्ग संभाग हो सकता है। रविवार को दिनभर शहर में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा।

राजधानी रायपुर में शनिवार से बारिश की गतिविधि बनी हुई है, हालांकि इसका इसका जोरदार असर रविवार को भी नहीं हुआ। दिनभर सौ फीसदी तक बादल छाए और बारिश के नाम पर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार से प्रदेश में बारिश का दायरा बढ़ने की उम्मीद है। इसके लिए एक निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल तथा बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा गंगेटिक पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की उम्मीद है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्रतल पर फिरोजपुर, सोनीपत, अयोध्या, गया, पुरुलिया, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्नदाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। वहीं पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग के चांदो में 7 सेमी., बलरामपुर में 5, सुकमा, बागबहरा, गंगालूर, में 3 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई।

## टकराने के विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थानों पर शराब, गांजा पीने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके बदमाश पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। मौदहापारा थाना क्षेत्र में नशे में धुत बदमाशों ने महज इस मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से हमला कर दिया, क्योंकि वह पैदल जाते समय उनसे टकरा गया। चाकू से हमले में घायल युवक का आंबेडकर अस्पताल में उपचार चल रहा है। दो बदमाशों को मौदहापारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



अहसान पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने निगरानी बदमाश मुस्कान रात्रे के भाई अंकुश रात्रे, अभय रक्सेल को गिरफ्तार किया है। अहसान ने पुलिस को ▶▶|शेष पेज 13 पर

## ग्रीन पालना योजना, प्रसव के बाद महिलाओं को दिए जाएंगे पांच पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वन विभाग की मदद से हेल्थ सेंटर्स में होगी पौधों की व्यवस्था

स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षित प्रसव के साथ स्वास्थ्य विभाग अब नवप्रसूताओं को पांच तरह के पौधे उपहार में देने की पहल करने जा रहा है। बच्चों की तरह पौधे की देखरेख की प्रेरणा के साथ पर्यावरण का संदेश भी दिया जाएगा। ग्रीन पालना योजना कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में शुरू हो चुकी है और आगामी दिनों में सरकारी अस्पतालों के साथ निजी हास्पिटल्स में भी इसे लागू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में लागू होगी 'ग्रीन पालना योजना'



### फलदार पौधे देने पर जोर

सूत्रों के अनुसार इस अभियान के तहत प्रसव प्रक्रिया पूरी करने वाली महिलाओं को मुनगा, आम, पपीता, अमरूद, केला आदि के फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को दो प्रसूताओं को पौधे वितरित किए गए हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने पौधारोपण की योजना रायपुर जिले में अनूठी पहल है।

## स्मार्ट टॉयलेट की तर्ज पर शहर में बनाए जाएंगे 13 आकांक्षी शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र और राज्य सरकार की पहल पर शहर के भीड़भाड़ वाले धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा 13 आकांक्षी शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा।

- 10 सीटर शौचालय की संख्या 10 और 6 सीटर 3 आकांक्षी शौचालय

स्मार्ट टॉयलेट की तर्ज पर सुविधायुक्त इन 13 आकांक्षी शौचालयों के निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय कर ली गई है। 3 करोड़ 32 लाख की लागत से इसका निर्माण कराया जाएगा। इसमें 10 सीटर शौचालय की संख्या 10 और 6 सीटर शौचालय 3 होंगे। वर्षा ऋतु की अवधि छोड़कर 6 माह की समयसीमा में निर्माण एजेंसी आकांक्षी शौचालयों का निर्माण करेगी। नगर निगम इस कार्य के लिए नोडल एजेंसी होगा।

प्रदेशभर में आम जनता की सुविधा के लिए स्मार्ट टॉयलेट की तरह एक ही मॉडल पर आधारित शहर में सुविधायुक्त 13 आकांक्षी शौचालय बनाए ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर के जरिए एजेंसी तय की



### इन स्थलों पर आकांक्षी शौचालय निर्माण प्रस्तावित

- सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित कालीमाता मंदिर के पास
- पुरानी बस्ती क्षेत्र के महामाया मंदिर के पास
- भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के समीप
- तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के पास
- बूढ़ापारा क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
- कटोरा तालाब चौपाट के पास
- वीआईपी रोड पर राम मंदिर के पास
- जीई रोड पर नालंदा परिसर के पास
- समता कॉलोनी में खाटू श्याम मंदिर के पास
- जगन्नाथ मंदिर के पास

वरिष्ठ अफसर जांच दल में किए गए शामिल

# भारतमाला मुआवजा घोटाले की जांच, मौके पर पहुंचे जांच दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारतमाला परियोजना के तहत बन रही रायपुर विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क में मुआवजा घोटाले की जांच के सिलसिले में अब रायपुर कमिश्नर एमडी कावरे द्वारा गठित चार जांच दलों ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कमिश्नर श्री कावरे ने कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

चार जांच दलों में अपर कलेक्टर स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। ये चार दल रायपुर और धमतरी जिले में हुए घोटाले की जांच कर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एक ही परिवार के कई सदस्यों को मुआवजा

पूर्व की रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है, उनमें ज्यादातर ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर ही भूमि चढ़ा दी गई थी। इनमें किसी परिवार के 12 किसी के 10 तो कईयों के 7 से 6-5 सदस्यों के नाम पर भी भूमि दर्ज है।

### दावा-आपत्ति के बाद शिकायतों की होगी जांच


एक महीने में बनी 150 से अधिक फर्जी ऋण पुस्तिका, सभी जमीनों का बटांकन भी एक ही दिन, मुआवजा राशि साढ़े तीन करोड़ से 15 करोड़ तक पहुंची

### एसडीएम, तहसीलदार पटवारी पहले ही जांच के घेरे में

रायपुर जिले के भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले में निलंबित किए गए अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरा नवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायक बांधा जीतेंद्र साहू, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ग्राम टोकरो के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में जांच जारी है।

### 17 की जगह 97 भूमि स्वामी बना दिए थे

इस घोटाले की जांच पूर्व में भी रायपुर जिला प्रशासन द्वारा करवाई गई थी। अब यही जांच रायपुर संभाग के कमिश्नर एमडी कावरे की देखरेख में हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अभनपुर क्षेत्र में रायपुर-विशाखापट्नम इकनॉमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण भारत माला परियोजना अंतर्गत चार ग्रामों के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए सर्वे किया गया। इस सर्वे तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य लोगों ने मिलकर भूमि के ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना



हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### हुमांशी ने 10वीं बोर्ड रिवेल्युएशन में टॉप टेन में बनाई जगह



**आरंग।** फरफौद स्थित सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की होनहार छात्रा हुमांशी साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा के रिवेल्युएशन परिणाम में शानदार 97.67% अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय अस्थायी टॉप 10 सूची में अपना स्थान सुरक्षित किया है। यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

### पलौद ग्रामवासियों का शराब दुकान खोलने के खिलाफ किया प्रदर्शन

**आरंग।** नया रायपुर के प्रमुख ग्राम पलौद में ग्रामीणों के विरोध के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा शराब दुकान खोलने के निर्णय लिया जा रहा व शराब दुकान हेतु जगह उपलब्ध कराने के इक्छुको से निविदा आमंत्रित किया गया है जिनकी अंतिम तिथि 2 जुलाई 2025 है के सम्बंध में शनिवार को ग्राम सभा व ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सरपंच हेमकुमार चन्द्राकर, उप सरपंच मनीषा चन्द्राकर, ग्राम सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश चन्द्राकर, ग्राम सभा सचिव अशोकपाल सभी पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में शासन द्वारा शराब दुकान खोल जाने का विरोध दर्ज किया गया। साथ ही गुरु खुशवंत साहेब विधायक व बृजमोहन अग्रवाल सांसद को बैठक के बारे में लिए गए निर्णय की जानकारी लिखित आवेदन प्रेषित आवेदन में किया जावेगा। ग्रामीणों ने कहा पलौद के सीमा के भीतर व आसपास ग्रामीण शराब भट्टी नही चाहते है।

### स्कूल को मिलेगी नई सुविधाएं मंत्री वर्मा ने की घोषणा

**तिल्दा नेवरा।** विगत दिनों तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टोहड़ा के शासकीय स्कूल में मंत्री टंक राम वर्मा ने विद्यालय हेतु प्रार्थना शेड, रंगमंच भवन, शौचालय निर्माण और साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा की थी। जहां पर रविवार को तिल्दा नेवरा नगर पालिका के स्वास्थ्य, चिकित्सा व शिक्षा सभापति रानी सौरभ जैन ने मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा की तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र को मंत्री टंक राम वर्मा के द्वारा करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगातें प्रदान की गई है। उन्होंने ग्राम टोहड़ा में मंत्री द्वारा किए गए घोषणाओं पर चर्चा करते हुए बताई कि यह कार्य भी बहुत जल्द स्वीकृत हो जाएगी और कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएंगे।

## निधन

### खोरबाहरा राम साहू



**आरंग।** ग्राम पंचायत रीवा निवासी खोरबाहरा राम साहू का रविवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे, वे दशोदा बाई साहू के पति, ओमप्रकाश, भागवत, भुनेश्वर व धनेश्वर साहू के पिता थे। उनकी शवयात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लेकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

**विरोध :** प्रदर्शन में एक दर्जन गांव से सैकड़ों ग्रामीणों सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए

# दोंदेखुर्द में नवीन शराब दुकान के खिलाफ विशाल प्रदर्शन, सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी





नवीन शराब दुकान खोले जाने के खिलाफ ग्राम दोंदे खुर्द में रविवार को संघर्ष समिति के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरना उपरांत रैली निकालकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में दोंदे सहित आसपास से एक दर्जन गांव से सैकड़ो ग्रामीणों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आज के धरना पूर्व ग्रामीणों ने गांव में ही लगातार मशाल जुलूस का आयोजन किया था एवं एक दिन पूर्व ग्रामसभा आयोजित कर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रस्ताव पारित किया।

धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उद्योरम वर्मा ने कहा कि शासन गांव गांव में शराब भट्टी खोलकर पूरी युवा पीढ़ी को नशे में धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी पूरी तरह से ग्रामीणों के आंदोलन में साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शराब दुकान खोलने के अपने निर्णय को वापिस लेने तक यह लड़ाई सामूहिकता के साथ जारी रहनी चाहिए।

पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा कि जो गांव अवैध शराब बेचने के खिलाफ लड़ाई कर रहे हैं उसी गांव में नवीन दारू दुकान खोलना ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। शासन महिला वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को एक हजार रुपये देती है और उनके जेब से 4 हजार रुपये निकाल लेती है। पूर्व जनपद अध्यक्ष उतरा कमल भारती ने कहा कि शराब घर और समाज दोनों को बर्बाद करती है। हम अपने गांव में किसी भी कीमत पर शराब दुकान खोलने की इजाजत नहीं देंगे।

युवा भाजपा नेता सूरज टंडन ने कहा कि हमारे गांव में कल ग्रामसभा में शराब दुकान खोलने के ख़िलाफ़ ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित हुआ है जिसमे गाँव के सरपंच भी शामिल थे। अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे तत्काल शराब दुकान के लिए उपलब्ध कराई गई जगह को निरस्त करें। यदि हमारे गांव में जबरन शराब दुकान खोली गई तो हम दुकान के सामने सामने धरना देकर एक भी बोतल दारू बिकने नहीं देंगे।

### मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा कि पिछली सरकार क्रमबद्ध तरीके से शराब बंदी की और बढ़ रही थी। पिछली सरकार ने 70 दुकानें बंद की थी और वर्तमान सरकार 76 नवीन दुकानें खुलवा रही है। जनपद सदस्य भगत बंजारे ने कहा कि यह शराब दुकान से आसपास के गांव का भी सामाजिक वातावरण दूषित होगा इसीलिए हम सभी को मिलकर इस लड़ाई को लड़ना है।

### शराब सामाजिक बुराइयां लेकर आती है

सतनामी समाज के अध्यक्ष जय बंजारे ने कहा कि शराब दुकान अपने साथ कई तरह की सामाजिक बुराइयां लेकर आती है। पूज्य गुरु घासीदास बाबा का मार्ग शांति, भाई चारा और शराब बंदी का था। हमें इस मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपने गांव को शा मुक्ति की और लेकर जाना है। शासन प्रशासन समाज की भावनाओं का सम्मान करें। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा ने भी धरना को संबोधित करते हुए साय सरकार को शराब दुकान खोलने के निर्णय को वापिस लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि निर्णय वापिस नहीं हुआ तो रायपुर जिले के सभी प्रभावित गांव को साथ लेकर एकजुट आंदोलन किया जाएगा।

### ये रहे शामिल

छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला ने कहा कि जनतंत्र में जनता की आवाज सुनने की बजाए सरकारें जनता पर अपने मनमाने निर्णय थोप रही हैं। चाहे शराब दुकान हो या हसदेव जैसे क्षेत्रों में कोयला खनन, ग्रामसभाओं के विरोध को कुचलकर इन्हें स्थापित किया जा रहा है। शराब दुकान से सरकार को राजस्व अवश्य मिलेगा परंतु गांव की शिक्षा, स्वास्थ्य, की व्यवस्था चौपट हो जाएगी। छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी कोनशे की लत में धकेला जा रहा है ताकि वह आपके हकों के लिए आवाज उठा न सकें। आज के धरना को पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उधो वर्मा, आलोक शुक्ला, छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, पूर्व सरपंच अम्मी रेड्डी, पूर्व जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे, जनपद सदस्य भगत बंजारे, राधा वर्मा लालपुर से दीपा साहू समर्थन देने के लिए धरना स्थल पर पहुंचे थे।

### हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव,बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत



**अभनपुर।** अभनपुर विकासखंड के आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय चंडी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत, पाठ्यपुस्तकें व गणवेश वितरण किया गया। मध्यान्ह भोजन समूह द्वारा खीर-पुरी व मिठाई परोसी गई। प्रधानपाठक लक्षवीर बांधे द्वारा विद्यार्थियों को कापी, पेन एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू (जनपद सदस्य) एवं विशेष अतिथि सरपंच राजू धीवर, पूर्व सरपंच राजेन्द्र एनेश्वरी सहित कई गणमान्य नागरिक व पालकगण उपस्थित रहे।

### भूरका में लोगों ने सुना मोदी के मन की बात

**आरंग।** चंपारण-तामासिवनी मंडल अध्यक्ष तोषण लाल साहू के नेतृत्व में ग्राम भुरका के मोर अंगना जन दर्शन कार्यालय में मोदी के मन की बात सुना गया। उसके बाद एक पेड़ मां के नाम लगाया गया, जिसमें मुख्य रूप से सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक सोमेश चन्द्र पांडे, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार, विवेक तिवारी, निर्मल साहू, बलराम, अरुण सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




तिल्दा नेवरा थाने में एक महिला ने अपनी 8 वर्षीय नाबालिग नतनीन के साथ हुई छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसने शाम को अपनी नतनीन को गांव के नरेंद्र यादव के साथ दही लेने भेजा था। वे लगभग आधे घंटे बाद घर लौटे।

अगले दिन सुबह करीब 10 बजे, जब पीड़िता की चाची उसे नहला रही थी, तो उसने देखा कि बालिका के दोनों सीने पर खून जमा हुआ था और काला पड़ गया था। चाची के पूछने पर पीड़िता ने बताया कि दही लेने जाते समय गाँव के बोरिंग के पास नरेंद्र यादव ने उसके दोनों सीने को दबा दिया था। जब वह चिल्लाई, तो उसने दोनों हाथों से पीछे से पकड़कर उसका मुँह दबा दिया और गाँव के एक बाड़े में ले जाकर पटक दिया। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट पर नरेंद्र यादव (पिता स्व. विष्णु यादव, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम परसदा) के खिलाफ अपराध धारा 74, 115(2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 08 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया गया है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

## घर में घुसा उदबिलाव को वन विभाग की टीम ने पकड़ कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम रसनी में रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली उदबिलाव (जंगली जानवर) गांव के विकास चन्द्राकर के घर में घुस गया। अचानक उदविलाव को कमरे के अंदर देख कर काम करने वाली महिला बेहोश हो गई। घरवालों ने जब बिलाव को देखा तो घबराकर शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते गांव में कोहराम मच गया। गांव में वन्य जीव के घर में घुसने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह जंगली बिलाव है, जो संभवतः भोजन की तलाश में गांव की ओर भटक आया था। वन अमले को उदबिलाव को पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि वह काफी फुर्तीला था और घर के कोनों में छिपता फिर रहा था। करीब दो घंटे की सावधानीपूर्वक कोशिश के बाद टीम ने बिलाव को पिंजरे में सुरक्षित पकड़ लिया। इसके पश्चात वन विभाग की टीम ने उसे जंगल में ले जाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बिलाव को कोई चोट नहीं आई है और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। घटना के बाद गांव व परिवार में दहशत का माहौल तो था, लेकिन वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## खौली में शराब दुकान विरोधी धरना चौथे दिन भी जारी, महिलाओं का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम खौली में खुलने जा रहे शराब दूकान के विरुद्ध जारी धरना चौथे दिन शनिवार को महिलाओं के नाम रहा। ग्राम खौली के महिलाओं सहित आसपास के ग्रामों के महिलाओं ने इसमें शिरकत की और शासन-प्रशासन को समय रहते चेत जाने का आग्रह किया। इधर ग्राम पलौद में भी ग्रामीण सभा व पंचायत की आहूत बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य हो कि रायपुर जिले में शासन ने 7 शराब दूकान खोलने का निर्णय ले चयनित ग्रामों के इच्छुक ग्रामीणों से जगह मुहैया कराने आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित की है। इन 7 में से 5 दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र में खुलने जा रहा है जिसमें खौली व पलौद भी शामिल है। शराब दूकान खुलने के सुगबुगाहट के समय से ही खौली वासी इसके विरोध में उतर आये थे और एकदिनी धरना-प्रदर्शन करने के साथ-साथ शासन-प्रशासन सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित पूर्व में विधानसभा व संसद में इस ग्राम को भी प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण कराया था व कथित आश्वासन मिलने के बाद धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया था पर प्रशासन की खौली में शराब दूकान खोलने की हठधर्मिता व इस हेतु जगह मुहैया कराने निविदा आमंत्रित किये जाने से खौली के ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर उभर आया है और वे बीते 25 जून से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसे की भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को खौली में आहूत ग्रामीणों की बैठक में एक बार फिर किसी भी कीमत में शराब दूकान न खुलने देने का संकल्प दुहराया गया व जगह मुहैया न कराने ताकीद करने के साथ - साथ ग्रामीण फरमान का अवहेलना करने वाले पर ग्रामीण व्यवस्था के तहत कार्यवाही झेलने तैयार रहने के प्रति आगाह किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव




**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही बच्चों को रसगुल्ला, केला, खीर व पेड़ा मिष्ठान खिला कर नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच यशोदा साहू, पूर्व सरपंच शिव कुमार हनुमन्ता,उप सरपंच कमलेश साहू, पंच प्रतिनिधि रामजी साहू, पंच रूखमणी शिवारे, ज्योतिष साहू, कल्याणी साहू, नीता साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष प्राथमिक प्रभा वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष बिमला साहू, हाई स्कूल जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम निषाद, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य महावीर यादव, हीरालाल साहू, गिरधर साहू, उत्तम साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यमुना लहरी, हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य स्वरूपानंद लदेल, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक प्रेम नारायण वर्मा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रोशन लाल शर्मा, शिक्षक संजय कुमार यादव, अनिरुद्ध सिंह प्रहलाद, रवि पटेल, सुरेश कुमार धीवर, देवानंद चक्रधारी, आलोक कुमार निषाद, विजय कुमार तिवारी, वेद प्रकाश सिंह, दामेश्वरी वर्मा, मंजू वर्मा, ओम प्रकाश साहू, झनेंद्र कुमार निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मोदी की मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी

**तिल्दा नेवरा।** भाजपा तिल्दा शहर मंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों में अलग अलग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। जिसमें अलग अलग बूथों में मुख्य रूप से तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, शहर महामंत्री सौरभ जैन, नगर पालिका के सभापति ईश्वर यदु, नगर पालिका की सभापति रानी सौरभ जैन, डॉ. एल पी साहू, सभापति संतोष यदु, विनोद नेताम, बूथ अध्यक्ष आदर्श वर्मा, बूथ अध्यक्ष अमरजीत पासवान, मंडल उपाध्यक्ष देवकी बाघमार, बूथ अध्यक्ष जानकी निषाद, बूथ अध्यक्ष दिनेश पंजवानी, दौलत चक्रधारी, मनोरमा वर्मा, एवं अन्य कार्यकर्ताओ के द्वारा अपने-अपने बूथों में भाजपाइयों सहित अन्य नागरिकों के साथ मन की बात को सुना गया। सभापति रानी सौरभ जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भाजपाइयों सहित आम नागरिकों द्वारा भी सुनी गई व इसकी सराहना की गई।





**अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जतायी**

# सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक, योजनाओं व समस्याओं पर की चर्चा, खाद्य भंडारण की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सभा कक्ष में सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति देवव्रत शर्मा ने की। इस दौरान सहकारिता विभाग के सीईओ शशांक बल्लेवार एवं सहायक विस्तार अधिकारी द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में तिल्दा, तरपोंगी सिलयारी और खरोरा की सहकारी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों ने अपनी-अपनी शाखा की समितियों में खाद भंडारण, वितरण तथा वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने डीएपी खाद की कमी और परिवहन में आ रही समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। इस विषय पर पत्राचार किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। विकासखंड तिल्दा के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों (पीडीएस) की जानकारी खाद्य निरीक्षक की अनुपस्थिति के कारण नहीं मिल पाई। उचित मूल्य की दुकानों में उपभोक्ता सामग्री की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की गई और आगामी बैठक में खाद्य निरीक्षक की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सभापति देवव्रत शर्मा ने सहकारी समितियों में अहाता, गोदाम, पेयजल व्यवस्था और शौचालय निर्माण हेतु शाखा प्रबंधकों के माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इसके साथ ही समितियों में जमा एफडीआर की राशि की जानकारी भी अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में खाद्य निरीक्षक, असिस्टेंट डायरेक्टर (उद्योग), श्रम निरीक्षक और वरिष्ठ कृषि अधिकारी की अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। सभापति ने कहा कि इन अधिकारियों को आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु पत्राचार किया जाएगा। इस बैठक में समिति के सदस्य लेखूराम सेन, जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक, विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधक, विभागीय अधिकारी और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।




## फिर लटकी तलवार

जब काम के अनुसार समय पर भुगतान हो जाए तो सारी गलतियां माफ हो जाती हैं अगर नहीं हुआ तो शिकायतों का पुलिंदा खुल जाता है।



ज्यादा देरी होने पर वह अफसर से नेताओं तक पहुंच जाती है। ऐसा ही एक वाक्या निर्माण विभाग में हुआ। ठेकेदारों को चार माह से भुगतान न हो पाने के मामले ने तूल पकड़ा तो ठेकेदार सीधे अपने नेताओं के पास पहुंच गए। अफसर की पुरानी करतूतों को भी उधेड़ते हुए कहा कि समानांतर सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। नेताओं को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि तो फिर अब हम भी देखेंगे कि जरूरी कार्यों के लिए कैसे अपनी मर्जी चलाएंगे?

## इतनी सक्रियता कि सब भूल गए

पिछले दिनों कांग्रेस प्रभारी यहां आए तो उनके सामने बड़े नेताओं ने खुलकर अपनी बात रखी। विधायक भी यहां पर भी प्रदेश के मुखिया



के बारे में अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। मामला साफ था, जब ऊपर से उनके बारे में तारीफ की गई है तो कैसे उनकी बुराई सुनें। वे इशारे में उन्हें अपनी सक्रियता बढ़ाने का संकेत देकर चले गए। अब प्रदेश के मुखिया इतने सक्रिय हो गए कि अपना सबकुछ भूलकर संगठन के सबसे निचले स्तर के संगठन की बैठक में भी जाकर निर्देश देने लग गए। इसी बीच उनका आईफोन गायब होने के बाद पता चला कि वे कुछ ज्यादा सक्रिय हो गए हैं।

## कौन हैं राकेश...

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रायपुर आए। संगठन की बैठक में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को भला-बुरा कहा। यहां तक कि खुद को दांव पर लगाकर लोगों के लिए जूझने वाले राकेश गुप्ता से भी सचिन बदतमीजी कर गए। खबर जैसे ही बाहर आई यह सवाल सोशल मीडिया में तैरने लगा...कौन हैं राकेश। खबरी बता रहा था कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी भी सचिन के रवैए से नाराज हैं। कार्यकर्ता कह रहे हैं कि अगर यह पायलट को पता होता कि डा. राकेश गुप्ता कौन हैं तो इज्जत से पेश आते, क्योंकि ऐसे ही लोग विपक्ष में रहकर पार्टी के लिए लड़ते हैं। उनका हौसला बढ़ाना चाहिए न कि उनका हौसला तोड़ना।

## अहं ब्रह्मास्मि

रायपुर में इन दिनों पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक और संभावित मंत्री एकछत्र राज चला रहे हैं। अहं ब्रह्मास्मि की तर्ज पर शहर के कोने-कोने में दस्तक दे रहे हैं। हर जगह मैं ही मैं। मतलब पार्षद भी मैं, महापौर भी मैं, मंत्री भी मैं। हाल यह है कि वे अधिकारियों को सीधे आर्डर दे रहे हैं। जो काम पार्षद को करने चाहिए वह भी वही कर रहे हैं। जो काम महापौर को करने चाहिए वह भी। जो काम मंत्री स्तर के हैं वो भी करने के आदेश अफसरों को दे देते हैं। जब कोई सवाल उठाता तो कहते हैं-मंत्री भी बन जाएंगे। वैसे अभी रायपुर का मंत्री मैं ही हूं।

## पायलट की लैंडिंग

कांग्रेस के प्रदेशभर के युवाओं की फौज के सरताज के दिन इन दिनों कुछ अच्छे नहीं चल रहे हैं। पहले ससुर-संग घोटाले के आरोपों का सामना किया, फिर ले-देकर टिकट मिली वो भी उपचुनाव की, लेकिन हार गए। अब जमाई राजा के जलवे भी खत्म होते जा रहे हैं। कोई सुनता है नहीं उनकी, उल्टा सब उन्हें ही सुना-सुनाकर जा रहे हैं। बीते दिनों ऊंची उड़ान के लिए पायलट अपने यात्रियों को तैयार कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में जमाई राजा ने कहा कि वो अपने साथ 2 हजार यात्रियों को लेकर आएंगे। सब ने खूब तालियां बजाई। इसके बाद उन्होंने वो कह दिया, जो नहीं कहना था। उन्होंने मांग ली आर्थिक मदद। फिर क्या था, पायलट साहब ने उनके निजी विमान की जो लैंडिंग करवाई है कि आप ना ही पूछें तो बेहतर है।

## लेटेस्ट आया है मार्केट में

आम आदमी पार्टी के नेताओं के पास इन दिनों करने को कुछ खास रह नहीं गया है। लेकिन आप अनावश्यक आलोचना मत कीजिए।



बेचारे कुछ ना कुछ ढूंढकर कुछ ना कुछ कर ही लेते हैं। बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन इनसे होता नहीं। कहीं ज्ञापन देने का प्रोग्राम बन जाए तो फोटो क्लिक सेक्शन के टाइम कार्यकर्ता से अधिक तो अधिकारी-कर्मचारी फ्रेम में होते हैं। तो अब इन्होंने एक नया निकाला है। एकदम लेटेस्ट आया है मार्केट में। वे हर बुरे कार्य की कड़ी निंदा करते हैं और सरकार को टाइम लाइन देते हुए कहते हैं कि फलां-फलां तारीख तक फलां-फलां चीजें नहीं सुधरीं तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस ज्ञापन रूपी कागज को सौंपते ही वे भूल जाते हैं कि अरे! प्रदर्शन भी तो करना है। नए-नए एक-दो लोग जो जुड़े हुए हैं, बेचारे यह ही समझ नह+ीं पा रहे कि करना क्या है।

## आपदा में अवसर -1

ज्ञानियों का ज्ञान हमेशा काम आता है, एक ज्ञानीजी ने फार्मूला दिया था, आपदा में अवसर का। यही हमारे यहां इस बार कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। दरअसल इस खेती के सीजन में डीएपी खाद सोसाइटियों में नहीं मिल रही है। किसान परेशान हैं और आवाज उठाने की कोशिश में लगे हैं। यह बात किसी आपदा से कम नहीं है। इसे ही अवसर में बदलने का फार्मूला अफसरों ने निकाल लिया है। अफसर अब किसानों को बताने लगे हैं कि डीएपी से खेतों को कितना नुकसान है। जमीन अम्लीय हो रही है। बाद में बंजर होगी। इसके बदले अफसर किसानों को सलाह दे रहे हैं कि एसएसपी यानि सिंगल सुपर फास्फेट खाद लें। यह डीएपी से भी अच्छी है। इसलिए कि ये सोसाइटियों में +उपलब्ध है।

## आपदा में अवसर- 2

सरकार के सामने ये संकट आया कि गोदामों में पिछले साल का चावल बड़ी मात्रा में बकाया है। कुछ महीनों बाद नया आने वाला है। लेकिन करें तो क्या करें। फार्मूला बना कि गरीबों को तीन माह का राशन एक साथ दिया जाए। लेकिन राशन दुकानदारों ने इसका तोड़ निकाल लिया है। अब वे ग्राहकों को तीन माह के चावल के बदले प्रति किलो 18-20 रुपए दे रहे हैं, यही नहीं कई जगह मोटे चावल की जगह पतला देने का काम भी चल रहा है। लेकिन तीन महीने के चावल के वजन के मुकाबले दो महीने के बराबर ही पतला चावल दिया जा रहा है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, रुचि वर्मा।

# सांसद-विधायकों को संगठन महामंत्री भी देंगे मार्गदर्शन, अंतिम दिन महापौर, जिपं अध्यक्ष भी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री-विधायक, यानी पूरी सरकार के साथ ही प्रदेश के सभी सांसद तीन दिनों तक मैनपाट में रहने वाले हैं। वहां पर 7 से 9 जुलाई तक इनका प्रशिक्षण होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे, वहीं दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का मार्गदर्शन मिलेगा। अंतिम दिन समापन में जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह आएंगे तो इस दिन नगर निगमों के महापौर और जिला पंचायतों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पहली बार ऐसा आयोजन किया है। इसके पहले बस्तर में विधायकों और सांसदों का चिंतन शिविर हो चुका है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन राज्यों में उनकी सरकार है, वहां पर मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों, विधायकों और राज्य के सांसदों के लिए भी समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करता है। इस प्रशिक्षण वर्ग में विधायकों और सांसदों का सदन में परफॉर्मेंस कैसे ज्यादा अच्छा हो सकता है, इस पर फोकस रहता है। इसके लिए समय-समय पर इनको राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन दिया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी पहली बार ऐसे प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ बनने के बाद भाजपा का पहली बार ऐसा आयोजन

#### अलग अलग विषय

अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग विषयों पर बात होगी। इसमें जहां राष्ट्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी मार्गदर्शन संभव है। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी शिविर में रहेंगे तो इनका भी मार्गदर्शन मिलेगा।



#### महापौर-पंचायत अध्यक्षों को भी मौका

आमतौर पर प्रशिक्षण वर्ग में सांसद और विधायकों को ही बुलाया जाता है, लेकिन प्रदेश में इस बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश के दस नगर निगमों में भाजपा के ही महापौर बने हैं। इसी के साथ सभी जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष भी भाजपा के बने हैं। समापन सत्र के दिन इनको भी शिविर में बुलाया गया है। इसको अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन मिलेगा।

### मटर पर आयात शुल्क में छूट से दाम थोक में 36 से 38 और चिल्हर में 40 से 45 रुपए

# नई फसल आने के बाद अब गली दाल, तीन साल बाद अरहर के दाम 100 रुपए से कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद सौ रुपए के अंदर पहुंची है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 110 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई है। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 100 रुपए और बहुत ज्यादा अच्छी क्वालिटी की कटनी की उपहार दाल 110 रुपए में मिल रही है। बीते साल के दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। ज्यादातर दालों के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं। थोक कारोबारी गोविंद माहेश्वरी के मुताबिक, मटर के दाम बहुत कम हो गए हैं, क्योंकि इस पर आयात शुल्क में अगले साल मार्च तक केंद्र सरकार ने छूट दे दी है। मटर के दाम थोक में 36 से 38 और चिल्हर में 40 से 45 रुपए हैं। इसके दाम भी बीते साल सौ रुपए से ज्यादा थे।

अमूमन हर घर, होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट में अरहर दाल ही ज्यादातर बनाई जाती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र और मप्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।



#### दो सौ के पार हो गए थे दाम

*अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 110 रुपए थी। बाद में इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दो सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था, जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।*

#### नई फसल से घटे दाम

*इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए, लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब जून के अंतिम सप्ताह में इसके दाम थोक में 90 से 105 और चिल्हर में 100 से 110 रुपए हो गए हैं। थोक में 105 रुपए वाली दाल कटनी की अच्छी क्वालिटी की उपहार दाल है, यह चिल्हर में 110 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 90 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 100 रुपए में मिल रही है।*

#### अन्य दालें भी सस्ती

*अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 72 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 90 और चिल्हर में 110 रुपए, मूंगदाल थोक में 108-110 और चिल्हर में 120 रुपए है। इसकी फसल अगले माह आने वाली है, तब इसके दाम कम हो जाएंगे। देशी चना थोक में 60 चिल्हर में 70 रुपए में मिल रहा है। चना दाल थोक में 75-80 और चिल्हर में 90 रुपए किलो है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए में बिक रहा है।*

## एक बार फिर आज होगी बिजली के नए टैरिफ पर जनसुनवाई

**रायपुर।** बिजली के नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग ने पहली बार जनसुनवाई के लिए एक और मौका दिया है। 19 और 20 जून को अलग-अलग वर्गों की जनसुनवाई हो चुकी है। इसमें सभी वर्गों ने एक ही मांग रखी है कि किसी भी वर्ग की बिजली की कीमत न बढ़ाई जाए। आयोग को बाद में इस बात की जानकारी मिली कि कई लोग जनसुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं और ऐसे लोग एक मौका चाहते हैं। इसलिए अब आयोग ने सोमवार 30 जून को ऐसे लोगों को मौका देने का फैसला किया है। आयोग के दफ्तर में सोमवार को सुबह 11.30 से 4.30 बजे के बीच में किसी भी वर्ग के उपभोक्ता अपनी बात रख सकते हैं। वैसे बिजली की महंगा होना तय है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा, लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है।

# सीएम साय ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जन-भागीदारी और सकारात्मक प्रयासों की चर्चा करते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित लोगों को पहचान और सम्मान मिलता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी के साथ स्वास्थ्य और प्रकृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा, आज के 'मन की बात' कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री ने उपयोगी जानकारियां साझा कीं। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे नवाचारों के बारे में बताया है। इस अवसर पर निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज, केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, राजेश अग्रवाल, संपत अग्रवाल, प्रबोध मिंज, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक म्हस्के, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जवाहर नगर मंडल ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें संस्करण को रविवार को जवाहर नगर मंडल के अंतर्गत आने वाले इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 27 पार्षद कार्यालय में सुना गया। इस दौरान जवाहर नगर मंडल के पदाधिकारी, महिला मोर्चा सदस्य, एमआईसी मेंबर, वार्ड पार्षद, पूर्व पार्षद, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे। जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया कि पीएम श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधन में नया नारा दिया।



## सीएम साय ने किया 'युवा संसद' आयोजन के पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आपातकाल को लेकर युवा संसद (मॉक पार्लियामेंट) का आयोजन किया जा रहा है। युवा संसद के आयोजन को लेकर भाजयुमो का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला और उनको आयोजन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मॉक पार्लियामेंट का पोस्टर विमोचन किया।






### प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा, आंदोलन की रूपरेखा तय

# युक्तियुक्तकरण और छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर एनएसयूआई करेगी विस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

युक्तियुक्तकरण से लेकर प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की बहाली को लेकर एनएसयूआई अब व्यापक पैमाने पर धरना-प्रदर्शन करेगी। इसे लेकर रविवार को हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में पीसीसी चीफ दीपक बैज, विधायक देवेंद्र यादव, युकां अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, संजीव शुक्ला, दीपक मिश्रा, पंकज मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी शामिल हुए। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया, बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करना तथा आगामी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करना रहा। 7 जुलाई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर भी चर्चा की गई। प्रदेशभर के छात्रों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी को ज़िम्मेदारी दी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक छात्रों को इस कार्यक्रम में शामिल करवाएं। एनएसयूआई प्रदेश सचिव हनी बग्गा, अमित शर्मा, आदित्य बीसेन, संकल्प मिश्रा सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारीगण, सभी जिलाध्यक्ष एवं संगठन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।




#### मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी कांग्रेस

दीपक बैज ने बताया, कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई है। संगठन के सभी मोर्चे इसमें प्रमुख भूमिका निभाएंगे। आने वाले समय में कांग्रेस विपक्ष की एक मजबूत भूमिका निभाएगी और प्रदेश की विफल सरकार को हर मोर्चे पर घेरा जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा, भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करना, जल-जंगल-जमीन पर अधिकार की अनदेखी करना और अंतिम व्यक्ति तक विकास नहीं पहुंचा पाने जैसी विफलताओं के खिलाफ एनएसयूआई मजबूती से आवाज उठाएंगी। शिक्षा, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति, और महाविद्यालयीन समस्याओं को लेकर एनएसयूआई एक सशक्त जनआंदोलन चलाएगी, जिसकी विस्तृत रणनीति जल्द ही घोषित की जाएगी।

# एक्शन में महापौर, कहा- बैजनाथपारा मार्ग कब्जामुक्त कराएं, शास्त्री बाजार पार्किंग में अवैध वसूली पर रोक लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने बैजनाथपारा मार्ग तत्काल कब्जामुक्त कराने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एवरग्रीन चौक से चिकनी मंदिर तक दुकानों के सामने वाली जगह किराए पर देकर सड़क यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई बरतने कहा गया है। साथ ही शास्त्री बाजार में पार्किंग के नाम पर अनाप-शनाप वसूली पर रोक लगेगी।

निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ बैजनाथपारा का स्थल निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर मीनल चौबे ने सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय करने वालों को तत्काल हटाने निर्देश दिए। दरअसल राजधानी के व्यस्ततम मार्ग में शामिल बैजनाथपारा इलाके में आए दिन ट्रैफिक जाम और दुकानों के सामने सड़क पर बाजार लगाकर व्यवसाय करने वालों से शहरवासी त्रस्त हैं। आम जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष सहित निगम अधिकारियों के साथ बैजनाथपारा मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम आयुक्त से बैजनाथपारा मार्ग को कब्जामुक्त कराने सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय करने वालों पर पहले जुर्माना लगाने, फिर वीडियोग्रॉफी कराकर सामान जब्ती कराने के निर्देश दिए।

महापौर ने स्थल निरीक्षण के दौरान ये पाया कि दुकानों के सामने वाली चलने-फिरने की जगह तक लोगों के लिए नहीं बची है। इससे जनता को असुविधा हो रही है। कुछ दुकानदारों ने दुकानों के सामने वाली जगह किराये पर फुटकर विक्रेताओं को दी है, इस कारण मुख्य मार्ग की सड़क संकरी हो गई है।

## एवरग्रीन चौक से चिकनी मंदिर तक सड़क पर कब्जा, पब्लिक रोज परेशान, ट्रैफिक जाम

### जोन अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही के दिए निर्देश

महापौर ने शास्त्री बाजार पार्किंग में व्याप्त अव्यवस्था को तत्काल दूर करने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। शास्त्री बाजार वाहन पार्किंग ठेकेदार द्वारा नागरिकों से निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूलने की शिकायत की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने जोन 4 के अधिकारियों को निर्देश दिए।



### अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में देखी पार्किंग व्यवस्था

भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल का निरीक्षण कर महापौर मीनल चौबे ने वाहन पार्किंग व्यवस्था, यातायात और सफाई व्यवस्था को जनहित में सुधारने की हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बस स्टैंड और शास्त्री बाजार में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, इसलिए ये स्थल साफ-सुथरे दिखने चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवंटित दुकानों के दुकानदारों को सीमा के बाहर सामग्री न रखने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड पार्षद अर्जुमन एजाज ढेबर, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, विनोद पांडे, जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव, जोन 4 कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित जोन 4 व जोन 6 के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से सीएम साय ने की भेंट

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से रविवार को राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। वहीं राज्यपाल से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी सौजन्य भेंट की। साथ ही केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने भी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहीं।

### श्रीराम बिजनेस जोन समिति का सम्मान समारोह



रायपुर। श्रीराम बिजनेस जोन समिति डूमरतराई द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय व्यापार परिसर में किया गया, जिसमें प्रमुख जनप्रतिनिधियों, चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं दवा व्यवसाय से जुड़े वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मंत्री ने अपने वक्तव्य में दवा व्यापारियों की सेवा भावना, अनुशासन और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने व्यापारियों को समाज की आर्थिक रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। साथ ही सांसद निधि से 10 लाख की राशि श्रीराम बिजनेस जोन की सड़क के निर्माण हेतु स्वीकृत करने की बात कही। विधायक मोतीराम साहू ने अपने वक्तव्य में क्षेत्रीय व्यापारिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की बात कही और 10 लाख की राशि देने की घोषणा की। समारोह में समिति के अध्यक्ष प्रभुदास नत्थानी द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। चैंबर द्वारा नवमनोनीत उपाध्यक्ष विनय कृपलानी, वासुदेव जोतवानी, राजकिशोर नत्थानी, नरेंद्र हरचंदानी, अश्वनी विग, राजेश गुरनानी सहित अन्य लोगों का सम्मान किया गया।

## रायपुर से गुजरने वाली दर्जनों लंबी दूरी की ट्रेनों में केवल ई-कैटरिंग की सुविधा

# ट्रेनों में न पेंट्रीकार न ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा, 24 घंटे के सफर में यात्रियों को नहीं मिल रहा ताजा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर से होकर महानगरों की ओर जाने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनों में पैंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे यात्रा के दौरान यात्री ताजे और गुणवत्तापूर्ण भोजन से वंचित रह जाते हैं। अधिकांश ट्रेनों में ई-कैटरिंग की सुविधा है, जिसके अंतर्गत यात्री भोजन ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं, लेकिन इसकी भी अपनी सीमाएं हैं। अक्सर यात्रियों को ठंडा और देर से खाना मिलता है, जिसकी शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। पैंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग सुविधा नहीं होने से विशेष रूप से वे यात्री, जो 24 घंटे से अधिक समय तक सफर करते हैं, उन्हें भोजन और पेयजल की असुविधा का सामना करना पड़ता है।

- 5 राज्यों से गुजरने वाली बरौनी एक्सप्रेस में पेंट्रीकार की मांग, ई-कैटरिंग में गर्म खाना नहीं मिलने की शिकायत

जब हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि रायपुर से होकर गुजरने वाली लगभग दर्जनभर ट्रेनों में पैंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग दोनों की सुविधा नहीं है। ये ट्रेनें दो से पांच राज्यों तक आवागमन करती हैं, लेकिन यात्रियों को अच्छे खानपान की सुविधा तक नहीं मिल पाती। अधिक समस्या बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस में देखने को मिलती है। यह ट्रेन 1522 किलोमीटर की दूरी तय करती है और पांच राज्यों से गुजरती है, जिसमें प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। ट्रेन 36 स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन इनमें केवल 10 स्टेशनों पर ही रेलवे ने ई-कैटरिंग की सुविधा दी है, जो कि नाकाफी है। यात्रियों का कहना है कि रात्रि 9 बजे के बाद से सुबह 6 बजे तक उन्हें पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे उन्हें रातभर प्यासा रहना पड़ता है। नियमित यात्री ये भी बताते हैं कि खानपान और पेयजल की समस्या के कारण सफर शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद थकाऊ-उबाऊ हो जाता है।



### आधे से अधिक यात्री नहीं कर पाते ऑनलाइन ऑर्डर

ट्रेनों में ई-कैटरिंग सुविधा उन यात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ा रही है, जिन्हें ऑनलाइन ऑर्डर करना नहीं आता या जिनके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं होती। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत यात्री ऐसे हैं, जिन्हें ऑनलाइन भोजन मंगाने में परेशानी होती है। कई बार नेटवर्क न मिलने के कारण यात्री चाहकर भी खाना ऑर्डर नहीं कर पाते। लंबी दूरी की ट्रेनों में सभी वर्गों के लोग सफर करते हैं, लेकिन जिन ट्रेनों में केवल ई-कैटरिंग का विकल्प है, वहां यात्रियों को भोजन के लिए अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### ई-कैटरिंग में गर्म खाने की कमी बनी शिकायत

रेलवे ने जिन ट्रेनों में ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा दी है, वहां खाने को लेकर यात्रियों की शिकायतें काफी कम देखने को मिली हैं। करीब 70 प्रतिशत यात्री इस सेवा से संतुष्ट हैं, क्योंकि उन्हें समय पर गर्म और ताजा भोजन मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर ई-कैटरिंग से आने वाले खाने को लेकर यात्रियों की शिकायत है कि खाना ठंडा होता है और स्वाद भी अच्छा नहीं रहता। रायपुर स्टेशन से सफर कर रहे कई यात्रियों ने इसे लेकर असंतोष जताया है।

### इन प्रमुख ट्रेनों में शिकायतें अधिक

- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, यह सुपरफास्ट ट्रेन तेलंगाना, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ से होकर गुजरती है। लगभग 900 किमी. का सफर 14-16 घंटे में तय करती है। इस ट्रेन में पैंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा नहीं है। यात्री ई-कैटरिंग के भरोसे खाना मंगाते हैं।
- 08186 दुर्ग-हाटिया एक्सप्रेस, इसमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और राउकेला में ई-कैटरिंग की सुविधा है। इस ट्रेन में न पेंट्रीकार और न ही ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा है। इस ट्रेन की कुल यात्रा का समय 11 घंटे 40 मिनट है। छत्तीसगढ़, ओड़िशा, झारखंड से होकर गुजरती है। कुल 9 स्टेशनों पर रुकती है।
- बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 1522 किलोमीटर की दूरी तय करती है और पांच राज्यों से गुजरती है, जिसमें प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। ट्रेन 36 स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन इनमें केवल 10 स्टेशनों पर ही रेलवे ने ई-कैटरिंग की सुविधा दी है। पेंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा नहीं है।
- 12069/70 रायगढ़ - गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस, यह सुपरफास्ट ट्रेन छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के बीच चलती है। 414 किमी की दूरी लगभग 7 घंटे में तय करती है। इस ट्रेन में रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं, लेकिन इसमें पेंट्रीकार और ऑन-बोर्ड नहीं, केवल ई-कैटरिंग की सुविधा है।
- 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस छग से ओडिशा, आंध्रप्रदेश के बीच चलती है। इसमें पेंट्रीकार और ऑन-बोर्ड कैटरिंग की सुविधा नहीं है।
- 12535/36 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस, यह ट्रेन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से होती हुई उत्तरप्रदेश तक जाती है। इसमें पेंट्रीकार की सुविधा नहीं है।
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस यह ट्रेन तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु जाती है। इसमें पेंट्रीकार नहीं है।
- 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस ट्रेन छग-मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश के बीच चलती है। इसमें पेंट्रीकार नहीं है।

## परिवहन मंत्री गडकरी से मिले रामविचार, सड़कों के लिए 596 करोड़ की मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विकास एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने रविवार को नागपुर, महाराष्ट्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री नेताम ने इस दौरान बताया कि निर्माणाधीन अंबिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-343 पर कॉरीडोर योजना के लिए 397.44 करोड़ रुपए एवं 199.05 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मंत्री श्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से आग्रह करते हुए कहा कि यह मार्ग अंबिकापुर से रामानुजगंज होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाला अंतर्राज्यीय मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से यात्री बसें, व्यावसायिक वाहन एवं आमजनों के आवागमन अधिक होने के साथ-साथ अति विशिष्टजनों का आवागमन भी होता है। इसी मार्ग पर बलरामपुर शहरी भाग स्थित है, जो कि जिला मुख्यालय है, जिसके दोनों ओर व्यावसायिक एवं आवासीय बसाहट है। सभी छोटे अथवा भारी वाहनों का आवागमन वर्तमान में शहरी क्षेत्र से होने के कारण आए दिन मालवाहकों से जाम की स्थिति एवं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि बलरामपुर शहरी क्षेत्र में आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फोरलेन बायपास मार्ग अनुमानित लम्बाई 10 किलोमीटर की अत्यधिक आवश्यकता है। इसके निर्माण से आम नागरिकों के सुचारू आवागमन के साथ-साथ अंतर्राज्यीय व्यवसाय एवं राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

## जलविहार कॉलोनी रहवासियों ने गार्डन में मीनाबाजार बंद करने लगाया पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के जलविहार कॉलोनी के रहवासियों ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के गार्डन में मीनाबाजार बंद करने की अपील के साथ बैनर-पोस्टर लगाया है। साथ ही सड़क पर गाड़ी पार्क करने वालों से आग्रह किया है कि ऐसा न करें, इससे कॉलोनीवासियों को आने-जाने में परेशानी होती है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि तेलीबांधा एरिया में पहले उनके लिए दो गार्डन हुआ करते थे, पर कुछ समय से इन बगीचों वाली जगह का व्यावसायीकरण किए जाने से लोगों को मार्निंग और इवनिंग वॉक करने में दिक्कत हो रही है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

- सड़क पर गाड़ी पार्क न करने का आग्रह





तेलीबांधा तालाब से लगे नगर निगम के गार्डन में मीनाबाजार लगाने और बगीचा के आसपास व्यावसायिक गतिविधि पर जल विहार कॉलोनी के रहवासी शांतिपूर्ण विरोध करने लगे हैं। अपने घरों के सामने, छत पर वे इस आशय का बैनर-पोस्टर चिपकाकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

उनका ये भी कहना है कि कॉलोनी आने-जाने वाली सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

## तबादले के लिए अर्जी का आज आखिरी दिन, अभी तक दो विभागों की सूची जारी

रायपुर। शासकीय कर्मियों के तबादले के लिए आवेदन देने की अंतिम तिथि सोमवार तक है। राज्य शासन द्वारा दी गई यह विशेष छूट 30 जून को खत्म हो जाएगी, जिसके बाद फिर से ट्रांसफर पर पूर्ण प्रतिबंध लग जाएगा। ऐसे में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्थानांतरण की इच्छा जताई है, उनके लिए यह अंतिम मौका है।

- 30 जून के बाद तबादलों पर लगेगा प्रतिबंध

स्थानांतरण नीति के अनुसार, जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री और राज्य स्तर पर विभागीय मंत्री की स्वीकृति से ही स्थानांतरण आदेश जारी किए जा सकते हैं। इसके दायरे में आने वाले हजारों अधिकारी-कर्मचारी पहले ही आवेदन कर चुके हैं। विभागों से आवेदन के आधार पर पद रिक्त होने और अन्य जानकारी ली जा रही है, उसके बाद जुलाई माह में थोक में आदेश जारी होंगे। मिली जानकारी के अनुसार, इस बार ट्रांसफर में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, जो एक ही जगह पर पांच साल से अधिक जमे हुए थे। ऐसे कर्मचारियों को प्रमुखता से विभागों द्वारा ट्रांसफर किए जा रहे हैं। कई अधिकारी-कर्मचारी तो अपने अधीनस्थों की शिकवा-शिकायतों की वजह से ट्रांसफर के दायरे में आ गए।

### बैक डेट में जारी होगी सूची

बैंक डेट में कई विभागों की तबादला सूची जारी की जा सकती है। इससे पहले कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब जब समयसीमा बेहद नजदीक है, तब हर विभाग में हलचल और जागरूकता तेज हो गई है।

### तबादले के लिए कर्मचारी सक्रिय

विभिन्न विभागों में तबादले के लिए कर्मचारी अपने स्तर पर सक्रिय हो गए हैं। मंत्रियों के बंगले में सीधे पहुंचने के बजाय उनके खास कार्यकर्ताओं के माध्यम से अपना जुगाड़ कर रहे हैं। वहीं अधिकारियों के माध्यम से भी अपने पक्ष को रखने का प्रयास कर रहे हैं।

### दो विभागों की सूची पहले ही जारी

मंत्रालय-संचालनालय से लेकर जिला और मैदानी स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले हो रहे हैं। पिछले तीन दिन में सभी विभागों को मिलाकर तीन-चार हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के ट्रांसफर हो चुके हैं। जीएसटी विभाग में 200 अधिकारियों के तबादला हुए। इसमें 150 अधिकारी तो ऐसे हैं, जो पांच साल से एक ही जगह पर जमे हुए थे। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग में भी थोक ट्रांसफर हुए। इसमें डॉक्टर्स, स्टॉफ नर्स, सहायक ग्रेड 2, नेत्र रोग और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं।

## डीकेएस लांड्री टेंडर में अनियमिता को लेकर धोबी समाज की बैठक



रायपुर। धोबीपारा में शहर जिला धोबी समाज की बैठक हुई, जिसमें अनेक लांड्री संचालक और सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर ने कहा, कुछ अभिजात्य वर्ग के सामंतवादी प्रवृत्ति के लोग राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं, इसलिए अनाप-शनाप नियम-शर्तें लगाकर पैतृक व्यवसाय करने वाले धोबी समाज के लोगों को डीकेएस की लांड्री के टेंडर से वंचित करना चाह रहे हैं। रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने कहा, अगर करोड़ों का टर्नओवर होता हमारे किसी भी धोबी भाई के पास तो लांड्री का काम क्यों करते, कोई और बड़ा काम करते। युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर ने कहा, यह किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने की साजिश है, जिस पर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को ध्यान देना चाहिए। पूरे प्रदेश में इसके लिए जागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से लीलू निर्मलकर, भोजराम, अवधेश सोन, गोपाल निर्मलकर, चैतराम निर्मलकर, नेतराम निर्मलकर, बाबूलाल निर्मलकर आदि शामिल रहे

### 15 लाख आबादी ...

संख्या के हिसाब से काफी कम हैं। निगरानी सिस्टम कमजोर होने का फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। यही वजह है कि निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पर निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आम बात है। ऐसे में निगम प्रशासन अनुबंधित ठेकेदारों पर महज जुर्माना कर खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लेता है। जबकि सफाई में कोताही बरतने पर कड़ाई बरतने की जरूरत होती है।

### एप्रोच वालों को फिर...

मान्य करते हुए उन्हें स्वास्थ्य योजना के मरीजों के इलाज करने की अनुमति दे दी गई। दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों के छोटे अस्पताल, जिन पर बड़े नर्सिंग होम की तरह नियम लागू किए गए थे, उनके आवेदनों पर सुनवाई की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के 90 फीसदी अस्पताल आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के भरोसे चलते हैं। खासकर छोटे अस्पतालों की निर्भरता इसी पर होती है, इसलिए उनकी स्थिति भी खराब होने लगी है।

### स्मार्ट टॉयलेट की तर्ज...

जाएंगे। टेंडर के बाद नगर निगम ने 10 सीटर 10 आकांक्षी शौचालयों का निर्माण करने बीएस कंस्ट्रक्शन को अनुबंधित किया है। इसी तरह सिक्स सीटर 3 शौचालयों का निर्माण अर्चना बिल्डर्स द्वारा कराया जाएगा। शहर के प्रस्तावित 10 अलग-अलग स्थलों पर आकांक्षी शौचालय बनाए जाएंगे।

## पेज 11 के शेष ...

### ग्रीन पालना योजना...

स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन और वन विभाग की मदद से विभिन्न प्रकार के पौधे की व्यवस्था उन तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में की जाएगी, जहां प्रसव की प्रक्रिया पूरी होती है। भर्ती होने वाली महिलाओं की जब अस्पताल से छुट्टी होगी तो उन्हें विभिन्न तरह के पांच पौधे उपहार में दिए जाएंगे।

विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि तीनों विभागों के संयुक्त प्रयास से शुरू की जा रही ग्रीन पालना योजना एक अनूठी और दूरगामी पहल है, जो नवजात शिशुओं के पालन-पोषण को प्रकृति के साथ जोड़ने का कार्य करती है। इस कार्यक्रम के तहत प्रसूता महिलाओं को पांच प्रकार के पौधे वितरित किए जाते हैं और उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि जिस प्रकार वे अपने बच्चे का लालन-पालन करती हैं, उसी प्रकार इन पौधों का भी ध्यान रखेंगी। पौधों को पानी देने की यह क्रिया बच्चों के नियमित टीकाकरण की याद दिलाएगी, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बनी रहेगी। **पौधों का पर्याप्त स्टॉक रखेंगे** : जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्रों में सप्ताहभर में होने वाली औसत डिलीवरी के हिसाब से पौधों का स्टॉक रखा जाएगा। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी डिमांड के मुताबिक पौधे पहुंचाए जाएंगे। हेल्थ सेंटर्स तक पौधे पहुंचाने के लिए प्रशासनिक, स्वास्थ्य एवं वन विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

### टकराने के विवाद में...

बताया कि घटना दिनांक को वह रात साढ़े 10 बजे अपने घर जा रहा था, इसी दौरान नशे में धुत अंकुश उससे टकरा गया। इस बात को लेकर विवाद करते हुए अंकुश ने अहसान का कॉलर पकड़ लिया। विरोध करने पर अंकुश तथा अभय ने अहसान के पेट में चाकू घोंप दिया। अहसान को गंभीर हालत में आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### भारतमाला मुआवजा...

रहे हैं। खास बात ये है कि ये पूरा घोटाला सामने आने के बाद प्रभावितों से दावा आपत्तियां मंगाई गई थीं। बताया गया है कि सौ से अधिक शिकायतें सामने आई हैं। जांच दल हर शिकायत की जांच करेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार इस मामले में मंगाई गई दावा आपत्तियां सामने आने के बाद उनका निराकरण किया जाना है। एक-एक शिकायत की जांच होने से मुआवजा घोटाले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की संभावना है।

### 17 की जगह...

खसरा और रकबा में गड़बड़ी की गई है। जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि चारों गांव में 1 से लेकर 33 नंबर तक खसरा भूमि का रकबा 1.3929 हेक्टेयर था। इन खसरा-रकबा के भू-स्वामियों की संख्या करीब 17 थी, लेकिन खसरा और रकबा को विभाजित करने के बाद इसी भूमि के 97 भूस्वामी बना दिए गए। इसी आधार पर सभी 97 भूस्वामियों को मुआवजा भी दिलाया गया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा विदित हो कि मेरे पक्षकार संतोष उर्फ़ सतीश साहू पिता श्री लखन लाल साहू निवासी अनुपम नगर, शंकर नगर रायपुर ने दो सह खातेदारों के साथ ग्राम टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 213/1 रकबा 25 डिसमिल का सौदा अमित साहू पिता मोहनलाल से वर्ष 2022 में किया था। जो कि अमित साहू द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन विहित समय सीमा में न किये जाने के कारण उक्त अनुबंध निरस्त हो चुका है। ऐसी जानकारी मिली है कि अमित साहू द्वारा उक्त अनुबंध पत्र को दुराशय से आज भी प्रभावशील होने का मिथ्या दुर्व्यपदेशन करते हुए उक्त भूमि को किसी अन्य के साथ विक्रय करने का सौदा संव्यवहार कर भूमि की अफरा तफरी करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि उक्त अनुबंध समाप्त हो जाने की जानकारी अमित साहू को पूर्णतः है।

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में आम एवं ख़ास को ताकीद की जाती है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बन्ध में निष्पादित अनुबंध शून्य अस्तित्व रखने के कारण उक्त भूमि बाबत कोई भी सौदा अमित साहू से न करे। यदि इस सूचना प्रकाशन के बाद भी ऐसा कोई संव्यवहार किया जाता है तो ऐसा प्रत्येक संव्यवहार शून्य एवं नाजायज माना जाकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर
दिनांक 28.06.2025

भवदीय
मुकेश वीरानी (अधिवक्ता)
कक्ष क्र. 109, टेबल नं. 38 प्रथम तल
जिला न्यायालय रायपुर छ.ग.
मो. 9300607752

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# निजी स्कूलों के लिए 5वी-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा अनिवार्य, इस बार नहीं मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जिले के निजी स्कूलों को इस बार पांचवी-आठवीं की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। इसे लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा सत्र के आरंभ में ही आदेश जारी कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से पुनः पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं की शुरुआत की गई थी। केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित यह आदेश दिसंबर के बाद जारी हुआ। निजी स्कूल इसका विरोध करते हुए कोर्ट पहुंचे थे। उनका तर्क था कि केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित जानकारी सत्र के प्रारंभ में नहीं दिए जाने के कारण छात्रों की तैयारी इसके अनुरूप नहीं कराई गई है। इसके आधार पर उन्हें परीक्षा में शामिल होने से छूट दी गई थी। न्यायालय के आदेश पश्चात निजी स्कूलों के लिए व्यवस्था की गई कि वे अपनी इच्छानुसार केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हो सकते हैं अथवा स्वयं ही अपने छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। प्रदेशभर के कुछ निजी स्कूल ही जिले स्तर पर आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हुए थे। वर्तमान सत्र में पुनः इस तरह की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसलिए सत्र के प्रारंभ से ही केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी निजी व शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं के लिए सत्र के अंत में आयोजित होने वाली केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

### अनुत्तीर्ण किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

बीते सत्र में हुई परीक्षा में 5वीं-8वीं के छात्रों के लिए यह व्यवस्था की गई थी कि यदि वे फेल हो जाते हैं तो भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। नए सत्र में उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। केवल केंद्रीकृत परीक्षा को सबके लिए अनिवार्य किया गया है।




- शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 13 साल बाद दोबारा शुरु हुई थी केंद्रीकृत परीक्षा
- विलंब से आदेश जारी होने के बाद बीते सत्र में मिली थी राहत

### छग बोर्ड से ही पढ़ाई

केंद्रीकृत परीक्षा नहीं होने के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे निजी विद्यालय हैं, जिन्होंने मान्यता सीजी बोर्ड की ली हुई है लेकिन अपने यहां सीबीएसई का पाठ्यक्रम संचालित करते थे। केंद्रीकृत परीक्षा की घोषणा होने के बाद इन स्कूलों ने पिछले सत्र में परीक्षा से कुछ दिन पहले ही पालकों को सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम से परीक्षा होने की सूचना दी थी। इसका पालकों द्वारा विरोध भी किया गया था। कई स्कूलों की शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय में की गई थी। चूंकि अब केंद्रीकृत परीक्षा होगी, इसलिए छग बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने वाले विद्यालय को इसी बोर्ड में अध्यापन कराना होगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्व पटवारी संघ के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बने भागवत

**रायपुर।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के नई कार्यकारिणी गठित करने रविवार को राजधानी में राजस्व पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें भागवत कश्यप दोबारा राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। जबकि कवर्धा के निर्मल साहू सचिव और प्रमोद टंडन सचिव निर्वाचित हुए। पटवारी संघ के चुनाव में विजय कुमार झा, पीतांबर पटेल पर्यवेक्षक के रूप में शामिल रहे। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में भागवत कश्यप एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए मतदान में अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने से मुकाबला रोचक हो गया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों में अध्यक्ष भागवत कश्यप, पूर्व अध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, नरेंद्र पांडे, अनिल डोडवानी, किशोर दीवान चुनाव मैदान में रहे। इस रोचक चुनाव में श्री कश्यप ने एक बार फिर अपना परचम लहराते हुए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही उन्हें फूलमाला पहनाकर सभी ने बधाई दी।

### बिहार विस चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ से तीन आर्ब्जवर




**रायपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव अक्टूबर या नवंबर 2025 को होने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी यहां के चुनाव के तैयारी में जुट गई है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 58 आर्ब्जवर बनाए हैं। इनमें तीन कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ से हैं। जिन कांग्रेस नेताओं को यह जिम्मेदारी दी गई है, उनमें पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर और प्रदेश महामंत्री दीपक मिश्रा के नाम शामिल हैं। ये सभी नेता बिहार के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाकर पार्टी के पक्ष में काम करेंगे। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी आदेश में कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर एआईसीसी ने बिहार चुनाव के लिए आर्ब्जवर की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगी। छत्तीसगढ़ के तीनों नेता आदेश मिलने के बाद वहां अर्ब्जवर के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

फुंडहर एक्सप्रेस-वे से टेमरी तक बनेगा फ्लाईओवर

राजधानी में एक और कैनाल रोड बनाने की योजना तैयार

## कलेक्टर, एसएसपी ने शहर के व्यस्त मार्गों का किया निरीक्षण

# शहर की सड़कें अभी से जाम, अब बनाया जा रहा 10 साल का ट्रैफिक प्लान, जरूरत नई सड़कों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के बदलते स्वरूप को देखते हुए आने वाले वर्षों में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम कैसे किया जाए, इसके लिए कलेक्टर, एसएसपी, जिला पंचायत सीईओ, पीडब्ल्यूडी तथा ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने शहर के व्यस्त मार्गों का जायजा लिया। भविष्य में आगामी दस वर्षों में होने वाली आबादी के हिसाब से गाड़ियों के बढ़ते दबाव को कम करने शहर के अलग-अलग मार्गों पर नई सड़क, फ्लाईओवर तथा सड़क चौड़ीकरण का विचार किया गया है। यह माना गया कि विज्ञान सिटी से भनपुरी जाने नई सड़क की जरूरत है। इस का प्रस्ताव बनाया गया। इसी तरह से राजधानी में एक और कैनाल रोड बनाने की योजना तैयार की गई है।

हरिभूमि टीम ने उन इलाकों को देखा, जहां समस्या बरसों से दूर नहीं हो सकी थी। इनमें से कुछ जगह सुधार हुआ है, कहीं अभी भी समस्या है। इनको दूर करने का अब प्लान बनाया गया है। राजधानी के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक तेलीबांधा तथा शंकरनगर अंडरब्रिज के पास पूर्व में बनाई गई रोटरी की चौड़ाई कम करने के साथ ही गार्डन को तोड़ा गया है। तेलीबांधा थाने के सामने मेक इन इंडिया चौक, जहां कबाड़ से शेर की प्रतिकृति बनाई गई है, उसके एक बड़े हिस्से में रोटरी बनाई गई है। इस वजह से इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती थी। आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर रोटरी की चौड़ाई कम की गई है। इसी तरह शंकरनगर अंडरब्रिज के नीचे एक छोटा-सा गार्डन बनाया गया था। इस वजह से सड़क संकरी हो गई थी। आईजी के निर्देश पर उक्त गार्डन को हटाया गया है।





### नए कैनाल रोड का होगा निर्माण

इंटरस्टेट बस टर्मिनल भाठागांव में शिफ्ट होने के बाद पचपेड़ी नाका से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव पहले की तुलना में डेढ़ से दोगुना तक बढ़ गया है। इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव कम करने कलर्स मॉल से रामकृष्ण अस्पताल के पीछे बहने वाले नाले पर, जहां कब्जा कर लोगों ने झुग्गी बस्ती बसा ली है, उस बस्ती को शिफ्ट कर तीन पार्ट में स्टीमेट बनाकर पुराना संतोषीनगर जाने के मार्ग पर एक नया कैनाल रोड बनाया जाएगा। इसी तरह से भाठागांव फ्लाईओवर के नीचे दतरेंगा जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण करने सड़क के दोनों तरफ की नाली को पाटकर सड़क के बीच नाला बनाया जाएगा। जमीन अधिग्रहित कर मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। नाले के ऊपर डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा।

### मोवा से जोरा तक फोरलेन फ्लाईओवर

मोवा, तेलीबांधा में ट्रैफिक का दबाव कम करने तथा भविष्य में ट्रैफिक दबाव को देखते हुए मोवा से जोरा तक फोरलेन फ्लाईओवर बनाने का विचार किया गया है। इसके लिए बजट में भी राशि का प्रावधान किया गया है। फुंडहर एक्सप्रेस-वे से टेमरी तक एक नया फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया गया है।

### 15 लाख की आबादी को मिलेगी राहत

ट्रैफिक दबाव कम करने सड़क की चौड़ाई बढ़ाने से लेकर फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया गया है, उसे तीन साल के अंदर पूरा करना है। लालफीताशाही से अलग हटकर सभी विभाग मिलकर योजनानुसार काम समय पर पूर्ण करेंगे, तभी लोगों को लाभ मिलेगा। योजना के मूर्त रूप लेने से शहर की 15 लाख से ज्यादा आबादी को राहत मिलेगी। साथ ही 20 लाख से ज्यादा गाड़ियों का रूट डायवर्ट होगा।

### काटे जाएंगे छातिम के पेड़

दूरदर्शन केंद्र से अशोका रतन जाने वाले फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर दिनभर गाड़ियां जाम होती हैं। सर्विस रोड के साइड में छातिम के कई पेड़ लगे हैं। लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने सर्विस रोड के किनारे लगे छातिम के पेड़ काटे जाएंगे। छातिम का पेड़ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इससे अस्थमा होने का खतरा रहता है। इस वजह से छातिम के पेड़ को अनुपयोगी मानते हुए काटने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही अशोका रतन वीआईपी टर्निंग के पास चौपाटी के लिए बनाई जा रही दुकानों को अंदर करने के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था भी भीतर ही कराने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

### विज्ञान सिटी, उरकुरा, भनपुरी को जोड़ने बनेगा ब्रिज

शहर के एक छोर से दूसरे छोर को जोड़ने के लिए प्लानिंग की गई है। विज्ञान सिटी से उरकुरा तथा भनपुरी को जोड़ने के लिए नया ब्रिज तैयार किया जाएगा। इसके लिए रेल अफसरों से भी बात की गई है। क्षेत्र में रेलवे का काम चल रहा है। काम पूरा होने के बाद रेलवे ने अपने क्षेत्र में सड़क बनाने के साथ ही ब्रिज बनाने की अनुमति दे दी है।


## प्रेम प्रसंग में विवाद, चाकू से हमले का आरोप भी

# नशे में धुत युवतियों ने घर में घुसकर की मारपीट-तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित गैलेक्सी आईलैंड में शनिवार देर रात से रविवार दोपहर के बीच मारपीट, तोड़फोड़ का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। महालेखाकार कार्यालय में बतौर सहायक लेखाकार पदस्थ एक महिला ने दो युवतियों के खिलाफ घर एवं गाड़ियों में तोड़फोड़ करने समेत पति पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवतियों ने भी महालेखाकार कार्यालय की सहायक लेखाकार के पति के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश सिंह की पत्नी सोनी कुमारी ने रेशमा किरण सेलार तथा उसकी सहेली पिंकी सिंह राजपूत के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनी कुमारी ने पुलिस को बताया कि रेशमा किरण तथा उसकी सहेली पिंकी सिंह रविवार देर रात उसके घर आईं और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद दोनों युवतियों ने दोबारा घर आकर मारपीट की तथा धमकी भी दी है। साथ ही दोनों युवतियों ने उसके पति पर चाकू से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने चाकूबाजी की घटना से इंकार किया है।

- विधानसभा थाना क्षेत्र के गैलेक्सी आईलैंड में हाईप्रोफाइल ड्रामा

### प्रेम प्रसंग के चलते मारपीट

पेशे से ब्यूटी पार्लर का काम करने वाली रेशमा किरण ने राजेश के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। रेशमा किरण ने पुलिस को बताया कि वह राजेश को पिछले तीन साल से जानती है और उसे पसंद करती है। किसी अन्य के माध्यम से राजेश का उसकी सहेली पिंकी के साथ अफेयर होने की जानकारी मिली। रेशमा ने आरोप लगाया कि रविवार तड़के राजेश उसके पिरदा स्थित मकान में पहुंचा और उनके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट की।

### पुलिस ने दर्ज की तीन एफआईआर

सोनी तथा रेशमा किरण की शिकायत पर पुलिस ने तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। सोनी की एक एफआईआर में पुलिस ने रेशमा किरण तथा उसकी सहेली पिंकी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3(5), 324(4), 333 तथा 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरी एफआईआर में दोनों युवतियों के खिलाफ 296, 3(5), 333 तथा 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। रेशमा किरण की शिकायत पर पुलिस ने राजेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 333 तथा 351(2) के तहत केस दर्ज किया है।

# ओपी बोले- राज्य के वित्तीय प्रबंधन में वित्त अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के नीति प्रबंधन और नियंत्रण में राज्य वित्त सेवा के अधिकारियों की सराहना की और कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन में वित्त अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वित्त सेवा के अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वित्तमंत्री श्री चौधरी रविवार को राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाऊस में छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

- राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक आमसभा में शामिल हुए वित्तमंत्री

मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की विभिन्न मांगों पर आवश्यक पहल करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने संघ की वेबसाइट का शुभारंभ तथा स्मारिका 'सुनिधि' का विमोचन किया एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष, सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन आरएस विश्वकर्मा ने की।



### प्रतिवेदन प्रस्तुत प्रस्ताव भी रखे

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शीतल शाश्वत वर्मा, विशेष सचिव वित्त विभाग, चंदन कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग एवं रितेश अग्रवाल, संचालक कोष एवं लेखा शामिल हुए। आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन में सेवानिवृत्त वित्त अधिकारियों ने व्याख्यान दिए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की अध्यक्ष डॉ. अल्पना घोष ने संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और विभिन्न प्रस्तावों को सदस्यों के समक्ष रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संघ के कोषाध्यक्ष अनिल पाठक द्वारा संघ के आय-व्यय का विवरण सभा में रखा गया। संघ के सचिव सचिन शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रेषित करने के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

# अब अमृत मिशन 2.0, पानी 24 घंटे सातों दिन, पायलट प्रोजेक्ट बनाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगर निगम बिलासपुर, कोरबा, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव, अंबिकापुर एवं जगदलपुर, में अब अमृत मिशन 2.0 के तहत 24 घंटे सातों दिन नल के जरिए पेयजल देने की योजना पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत निकाय के किसी एक वार्ड में 24 घंटे पानी की व्यवस्था रहेगी।




- बिलासपुर, कोरबा, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव, अंबिकापुर निगम को निर्देश
- केंद्र की योजना के क्रियान्वयन के लिए हो रही है तैयारी

### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के मिशन डायरेक्टर अमृत मिशन 2.0 ने संबंधित निकायों से कहा है कि मिशन अमृत 2.0 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने निकाय में न्यूनतम 2000 आवासीय इकाईयों वाले एक वार्ड, डीएमए का चयन कर 24 घंटे सातों दिन जलप्रदाय किए जाने हेतु पायलट परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर यथाशीघ्र राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजे, जिससे उक्त कार्ययोजना के स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

### ये है मामला

*भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्रों में नल से पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत 2.0 योजना प्रारंभ की जा चुकी है। मिशन अमृत 2.0 के दिशा-निर्देशानुसार अमृत शहरों में न्यूनतम 2000 आवासों वाले कम से कम एक वार्ड या एक डीएमए में 24 घंटे सातों दिन जलप्रदाय की व्यवस्था प्रारंभ करना मिशन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए संबंधित निकायों को प्रस्ताव भेजने कहा गया था, लेकिन नगर निगम, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगांव, अंबिकापुर एवं जगदलपुर ने अब तक प्रस्ताव नहीं भेजा है।*

### झेरिया यादव समाज 10 जुलाई को करेगा मुख्यमंत्री निवास का घेराव



**रायपुर।** टिकरापारा स्थित सामाजिक भवन में रविवार को झेरिया यादव समाज की एक बैठक हुई। जहां उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 10 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव पद्मश्री फूलबासन बाई यादव के नेतृत्व में किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल होंगे। इसी दौरान माधवलाल यादव ने बताया कि यादव समाज को राजनीतिक पार्टियों द्वारा वोट बैंक का जरिया समझे जाने पर आक्रोश जताया गया, जबकि छत्तीसगढ़ में जनसंख्या के आधार पर दूसरे नंबर पर यादव समाज आता है। इसके बावजूद यादव समाज को समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर समाजजनों ने नाराजगी जताई है। बैठक में दुर्गेश यादव, राजू यादव, ओमप्रकाश यादव, राम यादव, सलाहकार दीपक यद्दु, बबला यादव, आदि उपस्थित थे।




- तीन दिन पूर्व एक्सीडेंट में मृत युवक को अज्ञात मानकर पुलिस ने कर दिया था कफन-दफन

# हंगामे के बाद कब्र खोदकर निकाली गई लाश, किया परिजनों के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में मृत जिस युवक को पुलिस ने अज्ञात मानकर कफन दफन कर दिया था, उसके परिजनों के हंगामे के चलते एसडीएम की उपस्थिति में जेसीबी की मदद से दोबारा कब्र खुदवाकर मृतक की लाश रविवार को परिजनों के सुपुर्द की गई। बायपास रिंगरोड पर 26 जून को एक्सीडेंट में युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। लाश का पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई, तब पुलिस ने लाश का कफन-दफन करा दिया था।

- गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पर परिजनों को मिली जानकारी

पुलिस के अनुसार, मृतक की शिनाख्त उरला कैलाश नगर निवासी दयानंद वर्मा के रूप में हुई है। दयानंद के नहीं मिलने पर उनके परिजन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। परिजनों ने दयानंद का जो हुलिया बताया, वह हुलिया मृतक से मिलता-जुलता पाया गया।



इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को उसके कपड़े तथा अन्य सामान दिखाए, तब जाकर मृतक की पहचान हो सकी। पुलिस के अनुसार, एक्सीडेंट में दयानंद की लाश क्षत-विक्षत हो गई थी। इस वजह से उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस द्वारा लाश दफनाए जाने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने थाना परिसर में जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने एसडीएम की मौजूदगी में मृतक को जहां दफनाया गया था, उस जगह जाकर कब्र खुदवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।






02 आंतों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से ....

## लाइव इवेंट

# गुरु पूर्णिमा की तैयारियों में जुटे स्कूल, पारंपरिक पद्धति से मनाएंगे



**रायपुर।** जुलाई माह में गुरु पूर्णिमा को लेकर राजधानी के स्कूलों में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थी गुरुओं के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त करने के लिए विशेष कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शहर के कई शासकीय और निजी विद्यालयों में पारंपरिक विधि से गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यार्थी शिक्षकों का पूजन कर उनका सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कविता-श्लोक पाठ, मंत्रोच्चार और भाषण का आयोजन किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के विशेष आयोजन पर नई पीढ़ी को गुरु-शिष्य परंपरा की जानकारी दी जाएगीए ताकि छात्र कम उम्र से भारतीय संस्कृति को समझ सकें। सरस्वती शिशु मंदिर से शिक्षक नेतराम शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इस मौके पर शिक्षकों का सम्मान, गुरुओं के लिए श्लोक, मंत्र एवं कविता की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया है।

### छात्र मंत्रोच्चार के साथ गुरुओं का पूजन

शिवम विद्यापीठ से डायरेक्टर प्रणव शर्मा ने बताया कि इस दिन स्वामी शिवम तीर्थ जी महाराज के चरण पादुका पर जलाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया है, जहां छात्र एवं शिक्षक आपस में अभिषेक करेंगे। इस मौके पर मंत्रोच्चार और श्लोक विशेष रूप छात्र उच्चारण करेंगे। वर्धमान स्कूल के डायरेक्टर विनोद जैन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर लगभग 100 गुरुओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, पारंपरिक पद्धति एवं मंत्रों के साथ गुरुओं का पूजन छात्रों द्वारा किया जाएगा।

### पुजारी की उपस्थिति में गुरु पूजन

*शिवम एजुकेशनल स्कूल के प्राचार्य विनोद कुमार पांडे ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थी गुरु पूजन व सरस्वती पूजन पांरपरिक रूप से करेंगे। इस मौके पर विशेष रूप से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस वर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल में पुजारी की उपस्थिति में गुरु पूजन का आयोजन होने जा रहा है। इस मौके पर पालक व पूर्व छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।*

## डिजिटल दुनिया से जुड़कर वास्तविक जीवन से कटते जा रहा युवा

# युवा 12 घंटे तक सोशल मीडिया में बिता रहे समय, इससे बढ़ रही अकेलेपन की समस्या, सामाजिक मेलजोल में भी कमी

**आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका अत्यधिक और असंतुलित उपयोग अब मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी वर्ग इससे प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर युवावर्ग में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा जा रहा है। विश्व सोशल मीडिया दिवस पर हरिभूमि ने शहर के मनोचिकित्सों से बातचीत की। उनका कहना है कि अधिकांश युवा दिन के 10 से 12 घंटे सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। यह आदत धीरे-धीरे एंग्जायटी, चिंता, तनाव, अनिद्रा, आत्म-संदेह और सोशल विथड्रॉवल जैसी मानसिक समस्याओं को जन्म दे रही हैं।**







**हर साल करोड़ों में बढ़ रहे सोशल मीडिया यूजर**

**रायपुर।** मनोचिकित्सक डॉ. मनोज साहू बताते हैं कि बीते एक दशक में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या करोड़ों में बढ़ी है। परंतु यह सिर्फ एक डिजिटल माध्यम नहीं, बल्कि कई लोगों के लिए एक वर्चुअल दुनिया बन गई है, जिसमें वे वास्तविक जीवन से कटते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की लत ने खासतौर पर युवाओं में सामाजिक मेल-जोल की प्रवृत्ति घटाई है, जिससे उनके व्यवहार में संकोच, असहिष्णुता और अकेलापन बढ़ रहा है। वहीं, बच्चों में भी इसका प्रभाव तेजी से देखा जा रहा है- जैसे आंखों में थकावट, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन और मोबाइल कॉल या लाइक-कमेंट नहीं मिलने पर तनाव की स्थिति। डॉ. साहू के अनुसार, यदि समय रहते सोशल मीडिया के उपयोग और दुरुपयोग के बीच संतुलन नहीं बनाया गया, तो यह समस्या भविष्य में डिजिटल मानसिक महामारी का रूप ले सकती है।

### लाइक और कमेंट नहीं मिलने से बच्चों में चिड़चिड़ापन

*ऑनलाइन पढ़ाई के बाद से सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों में अधिक बढ़ा है। छोटे बच्चों में मोबाइल की लत की शिकायतों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। सोशल मीडिया में फोटो और रील वीडियो पर लाइक और कमेंट नहीं मिलने से बच्चों में चिड़चिड़ापन देखने को मिल रहा है। वहीं, 8 से 15 साल की उम्र के बच्चों ने खेलकूद से दूरी बना ली है, जिसके कारण अब उनका दिमाग भी स्थिर हो चुका है। बौद्धिक विकास कमजोर हो चुका है। इस वजह से पढ़ाई में मन भी नहीं लगा रहा। काउंसलिंग में पालकों से कहा जा रहा है कि घर में सभी फोन कम उपयोग करने का वातावरण बनाएं। फिजिकल का अधिक हो। शिक्षको को भी कहा जा रहा है कि स्कूल में बच्चों सवाल दें। वाट्सअप पर सवाल और जवाब ना भेजें।*

### उम्र के अनुसार सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग

| आयु वर्ग | सुरक्षित समय | समस्या यदि सीमा पार हो |
|---|---|---|
| बच्चे (5-12 वर्ष) | अधिकतम 30 मिनट | आंखों की थकावट, चिड़चिड़ापन |
| किशोर/युवा (13-25 वर्ष) | 1 से 2 घंटा | तनाव, आत्म-संदेह, एंग्जायटी |
| वयस्क (26-60 वर्ष) | 1 से 2.5 घंटा | समय की बर्बादी, मानसिक थकावट |
| वरिष्ठ नागरिक | 30-45 मिनट | अकेलापन, भ्रम की स्थिति |

### 18 साल के बाद युवा सही-गलत का बेहतर आंकलन कर पाते हैं

मनोवैज्ञानिक और विशेषज्ञों का मानना है कि 18 साल की उम्र के बाद ही सोशल मीडिया का उपयोग सही दिशा में किया जा सकता है, जब व्यक्ति मानसिक और भावनात्मक रूप से परिपक्व हो जाता है। शहर के मनोचिकित्सकों और शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, कम उम्र में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। किशोरों में एकाग्रता की कमी, आत्मविश्वास में गिरावट, नींद की समस्या और आभासी दुनिया में खो जाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।18 साल की उम्र के बाद युवा सही-गलत का बेहतर आंकलन कर पाते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को शुरुआती उम्र में सोशल मीडिया से दूर रखें और डिजिटल अनुशासन सिखाएं।





### सोने से एक घंटे पहले मोबाइल स्क्रीन से दूरी जरूरी

मनोचिकित्सक डॉ. स्वेता सोनी का कहना है कि सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन के लिए उपयोग करना चाहिए, लेकिन युवाओं में अब यह व्यवसाय बन चुका है। इस वजह से इसका उपयोग अधिक बढ़ा है। सोशल मीडिया के उपयोग से मोबाइल में स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद नहीं आने की समस्या 60 प्रतिशत बढ़ गई है। उनका कहना है कि लोगों को ऑनलाइन समय सीमित कर अनावश्यक स्क्रॉलिंग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया नोटिफिकेशन बंद रखें, ताकि ध्यान न भटके। सोने से एक घंटे पहले मोबाइल स्क्रीन से दूरी बनाएं। सप्ताह में कम से कम एक दिन डिजिटल डिटॉक्स करें। ऑफलाइन रिश्तों और संवाद को प्राथमिकता दें।



## सिटी इवेंट

# नैना बरसे रिमझिम रिमझिम.... मदन मोहन के गूंजे कालजयी नगमे





**रायपुर।** मशहूर संगीतकार स्वर्गीय मदन मोहन की 101वीं जयंती के अवसर पर महफिल रायपुर संस्था द्वारा कालजयी गीतों पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम 'एक हसीन शाम-मदन मोहन के नाम' का आयोजन वृंदावन सभागृह, सिविल लाइन में किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के संगीत प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों को करतल ध्वनि से सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मदन मोहन जी एवं अंचल के प्रख्यात संगीत गुरु पंडित गुणवंत माधव लाल व्यास जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद श्री दीपक व्यास एवं दीप गुंदेगांवकर ने कर चले हम फिदा जानो तन साथियों... गीत के माध्यम से हाल ही में पहलगाम और अन्य आतंकी घटनाओं में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की खास बात रही कि इसमें 15 वर्ष से 65 वर्ष तक के विभिन्न आयु वर्ग के कलाकारों ने भाग लिया और सुरों की ऐसी छटा बिखेरी कि श्रोतागण भावविभोर हो उठे। खासकर संस्था की नन्हीं प्रतिभाएं कुमारी जीव तिवारी एवं कुमारी कावेरी व्यास की प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली। महफिल रायपुर के संस्थापक दीपक व्यास के निर्देशन में आयोजित इस संगीतमय संध्या में संस्था के 14 वर्षों की संगीत यात्रा भी झलकी, जिसमें अच्छे संगीत को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है। मंच संचालन प्रसिद्ध उद्घोषिका श्रीमती शुभ्रा ठाकुर द्वारा किया गया, जिन्होंने मदन मोहन जी के जीवन, उनके संगीत-संसार और उनके अनसुने प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

### गानों को भावुकता से किया प्रस्तुत

कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए गीतों ने श्रोताओं को मदन मोहन जी के स्वर्णिम संगीत युग की सैर कराई। संध्या की शुरुआत दीप गुंदेगावकर की मार्मिक प्रस्तुति फिर वही शाम वही ग़म वही तन्हाई है.., से हुई, जिसने माहौल को भावुकता से भर दिया। इसके बाद कुमारी जीवा तिवारी ने नैना बरसे रिमझिम रिमझिम.., गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर चले हम फ़िदा जान-ओ-तन साथियों को दीपक व्यास एवं दीप गुंदेगावकर ने साथ मिलकर गाया, जिसे श्रोताओं ने खड़े होकर सम्मानपूर्वक सुना। कुमारी कावेरी व्यास ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है..,को बड़ी भावुकता से प्रस्तुत किया।

# टैक्स रिसर्च विभाग का अप्रत्यक्ष कर सम्मेलन आयोजित



**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के टैक्स रिसर्च विभाग द्वारा चैप्टर के सहयोग से 'अप्रत्यक्ष कर सम्मेलन 2025' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय 'जीएसटी अपीलीय अधिकरणः संरचना, कार्यप्रणाली और उभरता न्यायशास्त्र' रखा गया था। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी शामिल हुए। जिन्होंने संबोधन में प्रधानमंत्री के 'ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के विजन की जानकारी दी। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में अप्रत्यक्ष कर मामलों के प्रख्यात विशेषज्ञ एवं संस्थान के पूर्व काउंसिल सदस्य डॉ. संजय आर. भार्गवे और केंद्रीय जीएसटी विभाग के अधीक्षक एम राजीव ने जीएसटी अधिकरण की कार्यप्रणाली, संरचना की गहन जानकारी साझा की। सम्मेलन में 100 से अधिक प्रैक्टिसिंग सीएमए, उद्योग क्षेत्र से छात्रगण शामिल हुए।

### सौ से अधिक छात्रों की उपस्थिति

यह आयोजन युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता ने भारत के अवसरों की मल्टीबैगर भूमि पर भी विशेष चर्चा की। इस मौके पर सीएमए अरिंदम गोस्वामी ने छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारी समितियों के ऑडिट हेतु कॉस्ट अकाउंटेंट्स को शामिल करने एवं लागत लेखा अनिवार्यता लागू करने संबंधी जानकारी साझा की। वहीं, वरिष्ठ सलाहकार जी श्रीनिवासन, डीवी जोशी, अमित आपटे, अश्विनी कुमार दलवाड़ी, नैंटी शाह, चैतन्य मोहिर आदि उपस्थित रहे।

# एमपी-सीजी इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग स्पर्धा में रायपुर ग्रुप ने मारी बाजी

**रायपुर।** एनसीसी की वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'इंटर-ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग चैम्पियनशिप' का आयोजन किया गया। इस वर्ष कैडेट्स के लिए अनुशासन, निशानेबाजी कौशल और खेल संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न एनसीसी ग्रुप्स के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 22 राइफल, 177 एयर राइफल और पिस्टल श्रेणी की स्पर्धा तीन चरणों में की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कैडेट्स ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। रायपुर ग्रुप के लिए 38 सीजी एनसीसी बटालियन, राजनांदगांव के तत्वावधान में अप्रैल 2025 में एसटीएफ बाघबेड़ा शूटिंग रेंज पर चयन कैंप आयोजित किया गया था।





### तीन चरणों में प्रतियोगिता का आयोजन, 12 पदक जीता

*प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स को मंच देने के उद्धेश्य से जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट द्वारा 7 दिवसीय शूटिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिनमें अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रशिक्षक दुर्गेश वशिष्ठ के मार्गदर्शन में कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया। फाइनल इंटर-ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 29 जून तक मध्य, आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट, महू में मुख्यालय एनसीसी, इंदौर ग्रुप के तत्वावधान में हुआ। रायपुर ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक (4 स्वर्ण, 4 रजत, 4 कांस्य) अर्जित कर चैंपियनशिप अपने नाम दर्ज कराया।*

## सुंदर नगर के इस्कॉन प्रचार केन्द्र में दिनभर रहा भक्तिमय माहौल, संकीर्तन में छलका उत्साह

**कार्नर न्यूज**

# गिरिराज महा-महोत्सव की इस्कॉन में धूम रथ को खींचते और थिरकते निकले लोग



**रायपुर।** मंत्रोच्चार की गूंज के बीच सुन्दर नगर इस्कॉन प्रचार केन्द्र में गिरिराज महा महोत्सव की कड़ी में सुबह से भक्तिमय माहौल रहा। इस्कॉन की आस्था से जुड़े हर वर्ग के लोगों ने उत्सव की श्रृंखला सजाते हुए रविवार को धूमधाम से रथयात्रा निकाली। इसमें हर वर्ग के भक्तों में रथयात्रा की रस्सी खींचने के लिए होड़ मची। तमाल कृष्णा प्रभु के अगवानी में गिरिराज महा महोत्सव का विधान किया गया। इस उत्सव में शामिल होने के लिए लोग शहर के अलग-अलग क्षेत्र से परिवार के साथ शामिल हुए। इससे पहले सुबह से ही इस्कॉन केन्द्र में पूजा-अर्चना करने के लिए लोग पूजा सामग्री और फलों की टोकनी लेकर पहुंचे। पूजा उत्सव में 51 किलो चावल से अनापुर, 21 किलो हलवा से गिरिराज के चरण चिन्ह बनाए गए।



### संकीर्तन के साथ नाचते हुए निकले लोग

*इस श्रृंखला में भक्त वत्सल दास, संकीर्तन चैतन्य दास, दयानिधि दास, योगेश्वर कृष्ण प्रभु ने सुबह पूजा विधान को पूरा करवाने में सहयोग दिया। हिरण्यगर्भ, माधवचरण, हरि रघुनाथ प्रभु ने रथयात्रा को सफल बनाने में सहयोग किया। राघवृंदावन, मनोज प्रभु, गौतम प्रभु, कृष्ण राधिका माताजी, कामना, राम श्रद्धा ने रथयात्रा के दौरान लोगों को व्यवस्था से जोड़ने में सहयोग दिया। दोपहर को निकाली गई रथयात्रा में सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। इससे सुन्दर नगर क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर उत्सव का माहौल बना। लोग संकीर्तन करते हुए झूमते और भक्ति में नाचते हुए आयोजन का हिस्सा बने।*

### दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी भीड़



केन्द्र में करीब 501 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को अर्पित किया। इसके साथ ही सभी भक्तों ने 501 दीपों से यशोदा दामोदर, गिरिराज को दीपक दिखाया। इसके बाद निकाली गई रथयात्रा की रस्सी खींचते हुए लोग आयोजन का हिस्सा बने। जिन मार्गों से भी भगवान का रथ निकला, लोग दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान रथ के साथ चल रही प्रसादी के वाहन में बैठ लोग दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जिस रूट से भी रथयात्रा गुजरी, उसके आसपास के लोग श्रद्धालुओं को सहयोग देने के लिए मौजूद थे। कई भक्तगण भी सहभागी बने।

धर्म लाइव

## बच्चों ने शांति कलश पूजन विधि सीखी अक्षय सुख-शांति का जाना महत्व



**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने रविवार को शान्ति कलश की विधि सीखने का प्रयास किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आधुनिकता के दौर में युवा पीढ़ी को धर्म मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जहां हर रविवार बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व अन्य पूजन विधि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### युवा पीढ़ी को धार्मिक मार्ग से जोड़ने का प्रयास

*सदस्यों ने बताया कि शान्ति कलश में स्नात्र जल की अखण्ड धारा जीवन में अक्षय सुख, समृद्धि, शान्ति बनाए रखने का माध्यम है। भावे भावना भावीए, भावे दीजे दान, भावे जिनवर पूजिए, भावे केवल ज्ञान के पवित्र आत्म कल्याणकारी....यह श्लोक शान्ति कलश द्वारा सिखाया गया। इस मौके पर ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि सौ से ज्यादा बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक निमित्ते स्नात्र महोत्सव और शान्ति कलश विधान की जानकारी देकर स्नात्र महोत्सव पूर्ण कराया गया। पूजन के दौरान प्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी दी गई। वहीं, उपस्थित बच्चों को पुरस्कृत किया गया।*

● पेट की बीमारी के विशेषज्ञ पद्म विभूषण डॉ. नागेश्वर रेड्डी ने साझा किया अनुभव, नई तकनीक पर चर्चा

# आंतों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से तय होती है पेट की बीमारी, एआई तकनीक से ऑपरेशन होगा आसान

**रायपुर।** नेशनल कांफ्रेस के आयोजक डॉ. संदीप पांडे और सचिव डॉ. मनोज लाहोटी द्वारा की गई पहल की डॉ. रेड्डी ने सराहना करते हुए इसे चिकित्सकों के लिए सार्थक बताया। उन्होंने आगे बताया कि पुराने दौर की उपचार व्यवस्था में आयुर्वेद की चरक संहिता में जो बातें बताई गईं, वे रिसर्च में सही पाई जा रही हैं। 'पेट सही तो सब सही' यह पुरानी बातें सही साबित हो रही हैं। हृदय, रक्त, मांसपेशियों के साथ हड्डियों सहित कैंसर की बीमारी, पेट की पाचन क्रिया प्रभावित होने से रोग के रूप में प्रभावी होते हैं। इसलिए पेट को पाचन क्रिया का शरीर का पावर हाउस कहा जाता है। मुख्य वक्ता डॉ. रेड्डी ने चर्चा में बताया कि हर व्यक्ति की आंतों में 20 लाख से भी ज्यादा अलग-अलग बैक्टीरिया पाए जाते हैं। इनमें बढ़ने वाले असंतुलन की वजह से शरीर में कमजोरी, स्मारण शक्ति का कम होना, गुस्सा आना, आलस करना जैसी कई बीमारियां होती हैं।



'पेट की बीमारी के विशेषज्ञ पद्म विभूषण डॉ. नागेश्वर रेड्डी रविवार को नवा रायपुर स्थित होटल मेफेयर रिसार्ट में मौजूद थे। छत्तीसगढ़ बैटर ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोंएंटरोलॉजी की नई पहल से सजे नेशनल कांफ्रेंस में उन्होंने 6 सौ डाक्टर्स और पीजी स्टूडेंट्स व चिकित्सा शोधार्थियों को बताया कि आने वाले 15 वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति आने वाली है। आंतों में पाई जाने वाली बैक्टीरिया तय करते हैं कि संबंधित व्यक्ति को किस तरह की बीमारी होगी।'





### संतुलन का अभाव होने से होता है कैंसर

पद्म विभूषण डॉ. रेडड़ी ने कहा कि आने वाले 15 वर्षों यानी 2040 तक चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी क्रांति आने वाली है। पहले चरक संहिता में कहा गया है कि 'पेट सही तो सब सही होगा', इसका पता अब शोध में भी मिलने लगा है। आंतों में पाई जाने वाली बैक्टीरिया के प्रभाव से ही बच्चे शरीर व बुद्धि से कमजोर होने के साथ ही क्रोधी और आलसी होते हैं। पेट में पाई जाने वाली बैक्टीरिया के प्रभाव से निर्मित द्रव्य के प्रभाव और इसमें संतुलन का अभाव होने से कैंसर के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। व्यक्ति का मोटापा भी बैक्टीरिया के चलते होता है। लीवर फैट, अटैक जन्म से मिलने वाले बैक्टीरिया के प्रभाव से शरीर को रोगी बनाता है।

### अच्छे बैक्टीरिया के साथ दुनिया में ..



उन्होंने डॉक्टर्स के बीच अनुभव साझा करते हुए बताया कि सिजेरियन डिलीवरी की अपेक्षा, नार्मल डिलीवरी से होने वाले बच्चों की आंत में बैक्टीरिया की अपेक्षा कमजोर होते हैं। पहले महिलाएं बच्चों को मां का दूध पिलाने पर ध्यान देती थीं, जो बच्चे के विकास में सहयोगी है। अभी इस लिहाज से कई चीजें बदल गई हैं। नार्मल डिलीवरी से होने वाला बच्चा अच्छे बैक्टीरिया के साथ दुनिया में आता था। अभी बाहर से दूध पिलाने का चलन बढ़ने से बच्चों में बीमारियों का ग्राफ बचपन से ही बढ़ने लगता है, जो भविष्य के लिए घातक रूप लेता है।

### एआई तकनीक से आसान होगा उपचार

*मुंबई से आए डॉ. अमित मेदेव ने डॉक्टर्स के बीच अभी तक उपयोग की गई तकनीक के बारे में अनुभव साझा किया। उन्होंने इलाज में दूरबीन के प्रयोग सहित बीमारी की जांच के लिए मौजूद तकनीक के बारे में जानकारी दी। इसके बाद अंतिम और समापन सत्र में पद्म विभूषण डॉ. नागेश्वर रेड्डी ने 20240 के बीच पेट की बीमारी का इलाज करने में एआई तकनीक कितना कारगर होगी, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका के डॉक्टर्स अभी टीम वर्क से एक ऐसे कैप्सूल पर रिसर्च कर रहे हैं, जो एआई तकनीक से जुड़कर डॉक्टर्स का ऑपरेशन ही नहीं, इलाज में भी मदद करने वाला है।*

सिटी लाइव

## मेरा युवा भारत राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के युवा को प्रतिनिधित्व करने का मौका



**रायपुर।** नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय व गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष कार्यक्रम 'मेरा युवा भारत' का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11 जुलाई 2024 को 'भारत का राजपत्र' अधिसूचना के अनुसार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में अधिसूचित किया गया है। हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन 1975 में 21 महीनों के आपातकाल के दौरान हुए संवैधानिक उल्लंघन और लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की याद दिलाता है।

### संविधान हत्या दिवस पर रैली का प्रतिनिधित्व किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़ डिप्टी डायरेक्टर अर्पित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि देवाशीष पटेल का चयन 'मेरा युवा भारत' के अंतर्गत संचालित अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट भागीदारी एवं संगठन की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका के आधार पर जिला स्तर से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र व गोवा के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया है। गृहमंत्री के समक्ष मध्य भारत क्षेत्र से रायपुर छत्तीसगढ़ के माय भारत वालेंटियर देवाशीष पटेल ने प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल लेकर संविधान हत्या दिवस रैली का प्रतिनिधित्व के साथ हुआ। माय भारत पोर्टल की शुरुआत 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए तैयार किया गया है, जिसमें सरकारी योजनाओं से भरपूर सभी जानकारी दी जाती हैं।

# आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का मनाया 58वां दीक्षा महोत्सव, भक्ति गीतों ने किया भावविभोर

**105 आर्यिका श्री अंतरमती माता के ससंघ पावन सानिध्य में होगा भव्य आयोजन**



**रायपुर।** सकल दिगम्बर जैन समाज रायपुर के तत्वावधान में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का 58वां दीक्षा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हुआ। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आर्यिका अंतर्मति माता एवं आर्यिका अनुग्रहमति माता का 34वां दीक्षा दिवस भी मनाया जा रहा है। प्रियांक जैन, नवीन मोदी, सौरभ जैन एवं आनंद जैन ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य भगवन-105 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज का 58वां दीक्षा दिवस समारोह 105 आर्यिका श्री अंतरमती माता जी ससंघ के पावन सानिध्य में पटवा भवन, टैगोर नगर, रायपुर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। समस्त दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरु भक्ति का लाभ लिया। रविवार को एक शाम गुरुवर के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति गीतों, नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी उपाश्रय का मंत्रोच्चार के साथ किया लोकार्पण

सदर बाजार स्थित ऋषभदेव मंदिर प्रांगण में रविवार को प. पू अध्यात्मयोगी उपाध्याय भगवन्त श्री महेन्द्रसागर जी म.सा. आदि ठाणा एवं भगवंत श्री मनीष सागर जी के पावन निश्रा में प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी उपाश्रय का मंगलमय लोकार्पण हुआ। उपाश्रय में सुबह 7.30 बजे श्री पार्श्व वल्लभ स्नात्र महिला एवं बहू मंडल, राजनांदगांव द्वारा स्नात्र महोत्सव का आयेजन हुआ। धर्म सभा के बाद साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी ने मंत्रोच्चार के साथ प्रवर्तिनी निपुणा उपाश्रय का लोकार्पण किया। साध्वी श्री हंसकीर्ति श्रीजी म सा का चातुर्मास दादाबाड़ी में होने जा रहा है। वे साध्वी श्री निपुणा श्रीजी की शिष्या है और यह उनकी दीक्षा का रजत वर्ष है। गुरुवर्या का स्मरण करते हुए मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने सदर बाजार स्थित उपाश्रय का लोकार्पण किया। ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया ने साध्वी



श्री निपुणा श्रीजी का स्मरण करते हुए उनके योगदान के बारे में बताया। कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि साध्वी श्री निपुणा श्रीजी म सा का छत्तीसगढ़ में सामाजिक रूप से एक गहरा प्रभाव रहा।

### विवेकानंद नगर में प्रवचन 5 से, समिति गठित

विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जिनालय में इस बार उपाध्याय प्रवर श्री मनीष सागर जी का चातुर्मास होने जा रहा है। इसके लिए जैन समाज ने समिति गठित की है। इसमें श्यामसुंदर बैदमुथा अध्यक्ष, पुखराज मुणोत कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए हैं। समिति के महासचिव सुरेश बरड़िया ने बताया कि उपाध्याय प्रवर श्री मनीष सागरजी महाराज साहब का मंगल प्रवेश 3 जुलाई को होगा। वे सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से विवेकानंद नगर पहुंचेंगे। उपाध्याय प्रवर का चातुर्मास विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में होगा। जबकि, प्रतिदिन के प्रवचन सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में होंगे। श्री बरड़िया ने बताया कि चातुर्मास के लिए गठित समिति में राजेश मूणत प्रमुख संरक्षक, विजय कुमार कांकरिया, अभय कुमार भंसाली, नरेश बैदमुथा, उज्जवल झाबक, राजेन्द्र गोलछा, गजराज पगारिया, त्रिलोक बरडिया संरक्षक, पीआर गोलछा स्वागत अध्यक्ष, मांगीलाल बरडिया, कमल भंसाली, अनिल लोढ़ा उपाध्यक्ष, महेन्द्र सराफ सचिव, नवीन भंसाली, बसंत लोढ़ा उपसचिव, कुशल तालेड़ा कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इनके अलावा मागीलाल बरड़िया, शिखरचंद गोलछा, घीसुलाल हुडिया, प्रकाश लुनिया, कमल हुडिया, अशोक सराफ भोजन व्यवस्था, चंद्रप्रकाश ललवानी और मनोज लोढ़ा को प्रचार- प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## शिक्षा को बढ़ावा देने शासकीय स्कूलों में मॉडर्न क्लास रूम का निर्माण



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए रायपुर राउंड टेबल 169 और लेडीज़ सर्कल 90 ने 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' अभियान की शुरुआत की। जहां सदस्यों ने रावांभाठा स्थित शासकीय हाई स्कूल में चार क्लास रूम और एक शौचालय ब्लॉक का लोकार्पण किया। यह निर्माण कार्य छह माह से कम वक्त में पूर्ण किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत सदस्यों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से कक्षाएं तैयार की गई, ताकि कमजोर वर्ग के बच्चों को भी पूर्ण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें। इस योजना से देशभर में अब तक 9,272 से अधिक क्लास रूम का निर्माण किया जा चुका है। संगठन का निर्माण युवाओं द्वारा किया गया है, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेना, सभी वर्ग के लोगों का सतत विकास के लिए निष्ठापूर्ण कार्य करना है।

### समाज सेवा संस्था का मुख्य उद्देश्य

उद्घाटन समारोह में राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य देव सिंह, चेयरमैन सायल लूनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और बीरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन शामिल हुए। सदस्यों ने बताया कि योजना के अंतर्गत अन्य शासकीय विद्यालयों में भी कार्य किया जाएगा, ताकि मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को भी आधुनिकता से संबंधित जानकारी दी जा सकें। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन हर्ष अग्रवाल, बिट्ठल पासरी, सेक्रेटरी आयुष सिंघानिया, कोषाध्यक्ष अप्रतीम खेमका और पूर्व चेयरमैन सुशील अग्रवाल मौजूद रहे।

# चित्रांश सेवा धर्म नाम से शुरू की पहल अंत्येष्टि और विवाह में भी देंगे सहयोग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज की आमसभा और प्रथम स्थापना वर्ष का आयोजन रविवार को वृंदावन हाल में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस शारदा वर्मा मंचस्थ रहीं। आमसभा में समाज ने चित्रांश सेवा धर्म नाम से एक पहल संस्था शुरू की है। इस संस्था के तहत समाज के जरूरतमंद लोगों को अन्त्येष्टि और विवाह करवाने में निशुल्क सहायता की जाएगी। इसके लिए समाज ने कुछ लोगों के संपर्क नंबर भी जारी किया है। इनसे लोग कभी भी संपर्क करके अपनी समस्या को साझा कर सकेंगे। मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत और प्रतिभाओं सम्मान भी किया गया।

### प्रतिभाशाली युवाओं, विद्यार्थियों का सम्मान

*सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने के लिए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं और खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कई जिलों से आए कायस्थ प्रतिनिधियों और समाज में उत्कृष्ट काम करने वालों को सराहा और उनका समाज के बीच मान बढ़ाया। इसका साक्षी बनने के लिए समाज के लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रमोद खरे, सचिव प्रदीप वर्मा, महिला अध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पवन किशोर वर्मा ने सहभागिता निभाई।*

### अपना व्यवसाय करने पर करें फोकस

प्रोफेशनल व्याख्यान में सबसे पहले सतीश श्रीवास्त ने संगठात्मक काम, शक्ति और उसकी ताकत का समाज के लोगों को एहसास करवाया। वहीं, प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को लेकर वर्तमान स्थिति में सतर्क रहना कितना जरूरी है, इसके बारे में लोगों को अवगत कराने का प्रयास किया। अंतिम कड़ी में मुकुल श्रीवास्तव ने युवाओं को व्यापार से जोड़ने और जुड़ने के लिए किस तरह से प्रयास होना चाहिए, इसको लेकर नई और रोचक जानकारियां दीं। साथ ही अपने व्यावसायिक अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने युवाओं को बताया कि आर्थिक समृद्धि, आत्मनिर्भरता के लिए व्यवसाय की तरफ बढ़ना होगा।



## सिटी स्पोर्ट्स

### थाई बॉक्सिंग में छत्तीसगढ़ ने 6 स्वर्ण सहित जीते कुल 14 पदक



रायपुर। एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त रही संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन के तत्वावधान में थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ तेलंगाना द्वारा 11वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप एवं प्रो नाईट फाइट का आयोजन एफ 3 मार्शल आर्ट्स क्लब, खैरताबाद, हैदराबाद (तेलंगाना) में 25 से 27 जून 2025 तक किया गया।

प्रतियोगिता का उदघाटन एसीपी डीवी प्रदीप कुमार रेड्डी ने किया और समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी हैदराबाद आर संजय कुमार थे। पुरुस्कार वितरण टीआईएफ के अध्यक्ष डॉ कुलदीप सुमनाक्षर, सचिव रविंदर सिंह और आयोजक मो फ़रीदउद्दीन (अध्यक्ष टीएटी) ने किया। इस चैंपियनशिप में 08 राज्यों के लगभग 150 खिलाड़ी/अधिकारी भाग लिए थे। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक अपने नाम किये। जिसमे 06 स्वर्ण, 07 रजत पदक और 01 काँस्य पदक शामिल है।



प्रतियोगिता में महाराष्ट्र टीम 98 अंक लेकर प्रथम स्थान पर, 52 अंक लेकर छत्तीसगढ़ टीम द्वितीय स्थान पर और 45 अंक लेकर तेलंगाना तृतीय स्थान पर रही जिसके लिए उन्हें क्रमशः चैम्पियन ट्रॉफी, फर्स्ट & सेकण्ड रनर अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दंतेवाड़ा के पदक विजेता खिलाड़ी में नूपुर ठाकुर-स्वर्ण पदक,छाया नाग-स्वर्ण पदक,नेहल ठाकुर-रजत पदक, काँकेर से पदक विजेता खिलाड़ी आदित्य जंघेल-स्वर्ण पदक (प्रो फाइट टाइटल बेल्ट विजेता),युवराज चंद-स्वर्ण पदक, आदित्य सिंह निवरे -रजत पदक, रायपुर से पदक विजेता खिलाड़ी प्रियंका साहू - स्वर्ण पदक,मानसी तांडी-रजत पदक, दीपाली बघेल-रजत पदक,बालोद के पदक विजेता खिलाड़ी गोपाल यादव-स्वर्ण पदक, भमण कुमार सिन्हा-रजत पदक, चन्द्रकान्त साहू -रजत पदक,रागिनी साहू-रजत पदक, पूजा-काँस्य पदक शामिल हैं। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन का खेलों में समर्पण के लिए विशेष सम्मान किया गया। दंतेवाड़ा की टिकेश्वरी साहू और काँकेर के विशाल कुमार शर्मा का सम्मान प्रतियोगिता सम्पन्न करवाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया। एशियन रेफ़री और खेल एवँ युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच टिकेश्वरी साहू को मोमेन्टो के साथ साथ बेस्ट रेफ़री की विशेष ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ टीम कोच पूनम साहू (रायपुर) तथा टीम मैनेजर श्रीमती नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर) को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। हैदराबाद से लौटने के बाद रायपुर, काँकेर, बालोद, दंतेवाड़ा में खिलाड़ियों / अधिकारियों का शानदार स्वागत सम्मान किया गया।

### अंडर-19 में चांद ने बनाए शानदार नॉट आउट 103 रन

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आ यो जि त अंडर-19 एक दि व सी य चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार का मैच प्रभावित हुआ।बारिश के चलते मैदान गीला होने के कारण 50- 50 ओवरों की जगह 20-20 ओवरों का मैच खेला जा रहा है। बी ए स पी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम वेस्ट जोन के विरुद्ध बल्ले बाजी करते हुए साउथ जोनने 20 ओवर में दो विकेट पर 141 रन बनाए। जिसमें चांद चेलक ने नॉट आउट 103 रन, सिदीक्षा तिवारी नॉट आउट 12 रन और निधि मंडावी ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की दीपिका भगत ने एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने एक ओवर में बिना कोई विकेट खोए 5 रन बनाए। जिसमें स्वीटी तिर्की ने नॉट आउट 3 रन, अंशिका राज आर्यन 0 पर नॉट आउट रही। गेंदबाजी में साउथ जोन की शिविका अग्रवाल ने एक ओवर में पांच रन दिए। यह मैच कल भी खेला जाएगा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में मैदान बहुत अधिक गीला होने के कारण वहां मैच नहीं खेला जा सका।



सुबह आंख खुलते ही दिखें ऐसे लक्षण, तो समझ जाएं थायराइड दस्तक दे चुका

# थायराइड का असर हो तो दिख जाते हैं इसके लक्षण, जान लीजिए आप भी तो नहीं हैं चपेट में

थायराइड एक आम समस्या है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जाए, तो दिक्कत हो जाती है। अगर आपको सुबह उठते ही कुछ लक्षण लिखाई दे तो आपको डॉक्टर के पास तुरंत जाना चाहिए। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में थायराइड की समस्या एकदम आम हो गई है। किसी को भी थायराइड अपनी चपेट में ले सकता है। सबसे पहले जानते हैं कि थायराइड क्या है?थायराइड एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जो हमारे गले के सामने वाले हिस्से में मौजूद होती है। यह ग्रंथि टी 3 और टी 4 नामक हार्मोन बनती है, जो शरीर के कई कार्यो के लिए जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म, एनर्जी, वजन, मूड यहां तक की स्किन और बालों की सेहत के लिए जरूरी है। थायराइड दो तरह का होता है। एक जिसमें हार्मोन कम बनने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। अधिकतर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली ही शिकायत होती है। कई बार थायराइड बढ़ जाता है और इसकी जानकारी हमें बाद में होती है ऐसे में आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में जानना चाहिए जो सुबह उठने पर दिखाई देते हैं।



## सुबह आंख खुलते ही दिखते हैं ये लक्षण



रात भर सोने के बाद जब आप सुबह उठती हैं और आपको थकान महसूस होती है, तो समझ जाइए की थायराइड आपके घेर रहा है। बता दें कि थायराइड ग्रंथि शरीर के मेटाबॉलिज्म बनाने की प्रक्रिया को नियंत्रित करती है और जब यह ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है तो शरीर में बदलाव आने लगते हैं। इसकी कमी से सुस्ती महसूस होती है।

जब शरीर में इस हार्मोन की कमी होने लगती है, तो शरीर में फ्लुएड रिटेंशन होने लगता है। जिस वजह से सुबह के वक्त आपका चेहरा सूजा हुआ लगता है और आंखें भरी लगती है। अगर आप खुद में यह बदलाव नोटिस कर रही हैं, तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए।

बता दे की थायराइड हार्मोन की कमी शरीर के हर सेल को प्रभावित करती है। चाहे वह मांसपेशियां, जोड़ हो या तंत्रिका तंत्र। थायराइड हार्मोन की कमी से मांसपेशियों में ऊर्जा की सप्लाई घट जाती है। इससे मांसपेशियों में अकड़न और दर्द महसूस होता है। कई बार उंगलियों के जोड़ों में अकड़न और दर्द भी होता है। अगर सुबह उठते ही आपको लगता है कि दिल की धड़कन काफी ज्यादा तेज है तो यह थायराइड हार्मोन के बहुत ज्यादा स्तर का संकेत हो सकता है। इसे पैल्पिटेशन कहा जाता है। ऐसा हाइपरथायरायडिज्म में होता है।

## पुरुषों में थायराइड के लक्षण हो सकते हैं बेवजह चिढ़ना और पैरों में दर्द



पुरुषों में थायराइड के प्रमुख लक्षणः पुरुषों में अगर मोटापा है तो उन्हें अपना थायराइड टेस्ट करवाना चाहिए। क्योंकि ये थायराइड के प्रमुख लक्षणों में से एक है जो कि मेटाबोलिज्म ठीक रखने वाले थायराइड हार्मोन्स की गड़बड़ियों के कारण हो सकता है।

### बेवजह चिढ़ना और मूड स्विंग्स

हाइपोथायरायडिज्म जिसमें कि थायराइड हार्मोन का प्रोडक्शन कम होता है। इस स्थिति में पुरुषों में महिलाओं के जैसे मूड स्विंग्स होने लगते हैं। ऐसे में पुरुष कभी बेवजह चिढ़ने लगते हैं तो कभी तुरंत गुस्सा हो जाते हैं। दरअसल,ये सब टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का लेवल कम होने की वजह से होता है और इसलिए ये पुरुषों में एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसे समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

### पैरों में दर्द रहना

पैरों में दर्द को अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि ये कुछ गंभीर स्थितियों का लक्षण हो सकता है। दरअसल, जब थायराइड ग्रंथि शरीर में जरूरत से ज्यादा थायराइड हार्मोन का उत्पादन करने लगती है तो ये मांसपेशियां को कमजोर करती है और मसल्स के खिंचाव पैदा करती है। इससे पैरों में जलन और दर्द की समस्या होती है।

### गंजापन

गंभीर और लंबे समय तक हाइपोथायरायडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म बालों के झड़ने का कारण बन सकता है। दरअसल, टेस्टोस्टेरोन हार्मोन से जुड़ी गड़बड़ियां पुरुषों में गंजेपन की समस्या को बढ़ाता है। तो, अगर आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं तो आपको चेक करवाना चाहिए कि कहीं आपको थायराइड तो नहीं।

# नाखून है आपकी सेहत का आईना, रंग और बनावट बताते हैं शरीर का पूरा हाल

नाखून सिर्फ हमारे शरीर के सुंदरता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ये हमारे स्वास्थ्य का आईना भी हैं।



नाखूनों का रंग, बनावट, और आकार कई बार शरीर में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की ओर इशारा करते हैं। सामान्य से हटकर नाखूनों में दिखने वाले मामूली बदलाव भी कभी-कभी किसी गंभीर बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकते हैं, जिन पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो बात बिगड़ सकती है। ये संकेत हमें अपनी सेहत पर गंभीरता से ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हैं। आइए इस लेख में हम नाखूनों के रंग और बनावट से जुड़े ऐसे ही चार प्रमुख स्वास्थ्य संकेतों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पीले नाखून और संभावित समस्याएं

नाखूनों का पीला पड़ना एक आम लक्षण है, जो कई कारणों से हो सकता है। यह फंगल इंफेक्शन, नाखून पॉलिश का अत्यधिक उपयोग, या धूम्रपान के कारण हो सकता है। हालांकि, अगर पीलेपन के साथ नाखून मोटे, भुरभुरे, या कमजोर हो रहे हैं, तो यह फेफड़ों की बीमारी, थायराइड की समस्या जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सक से परामर्श करना जरूरी है।

### सफेद धब्बे और पोषण की कमी

नाखूनों पर छोटे-छोटे सफेद धब्बे अक्सर सामान्य माने जाते हैं, ये धब्बे कई कारण से हो सकते हैं। आमतौर पर ये धब्बे चोट लगने या दब जाने की वजह से होते हैं। लेकिन अगर ये धब्बे बार-बार या अधिक मात्रा में दिखें, तो यह जिंक, कैल्शियम, या प्रोटीन की कमी का संकेत हो सकता है। यह लिवर की समस्याओं, जैसे सिरोसिस, या किडनी से संबंधित रोगों की ओर भी संकेत हो सकता है। संतुलित आहार लें और अगर लक्षण बने रहें, तो डॉक्टर से जांच करवाएं।

### नाखूनों का भुरभुरापन

अगर नाखून आसानी से टूट रहे हैं, भुरभुरे हैं, या उनकी सतह असमान है, तो यह थायराइड की समस्या का संकेत हो सकता है। थायराइड हार्मोन का असंतुलन नाखूनों को कमजोर और रूखा बना सकता है। इसके साथ थकान, वजन बढ़ना, या त्वचा का रूखापन जैसे लक्षण भी दिख सकते हैं। अगर ये सभी लक्षण दिखते हैं तो, ऐसी स्थिति में थायराइड फंक्शन टेस्ट करवाना जरूरी है। इसके अलावा, बायोटिन और ओमेगा-3 युक्त आहार नाखूनों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।

### नीले या बैंगनी नाखून और ऑक्सीजन की कमी

नाखूनों का नीला या बैंगनी रंग शरीर में ऑक्सीजन की कमी या रक्त संचार की समस्या का संकेत हो सकता है। यह फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग जैसी स्थिति के कारण हो सकता है। अगर नाखून का रंग बार-बार बदल रहा है और इसके साथ सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# रसोई में इन चीजों को नहीं रखना चाहिए उल्टा, पड़ता है बुरा प्रभाव



रसोई घर में रखे जाने वाली वस्तुओं की दिशा और दशा का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ चीजों को उल्टा रखना घर के वातावरण में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। आइए जानते हैं कि रसोई में किन बातों का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है।

### कढ़ाई को उल्टा न रखें

वास्तु शास्त्र में कढ़ाई को राहु ग्रह का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि रसोई में कढ़ाई को उल्टा करके रखने से घर में अशांति, तनाव और आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए कढ़ाई को हमेशा सीधा और सही दिशा में रखें।

### धारदार वस्तुएं उलटी न रखें

किचन में इस्तेमाल होने वाले चाकू, कांटे या किसी भी तरह की धारदार वस्तुओं को उलटा रख देना भी वास्तु दोष उत्पन्न कर सकता है। इससे घर के सदस्यों के बीच झगड़े, तनाव और अनबन की संभावना

### गैस स्टोव की दिशा का रखें ध्यान

वास्तु शास्त्र के अनुसार रसोई में खाना पकाने के लिए सबसे शुभ दिशा अग्निकोण यानी दक्षिण-पूर्व मानी गई है। इसलिए गैस चूल्हा या स्टोव इसी दिशा में होना चाहिए। यदि यह उत्तर या पश्चिम दिशा में रखा जाए, तो इससे परिवार के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### ये भी बन सकता है वास्तु दोष का कारण

रसोई में बैठकर भोजन करने से बचें, क्योंकि यह मां लक्ष्मी को अप्रसन्न कर सकता है।बाथरूम का दरवाजा रसोई के ठीक सामने नहीं होना चाहिए, अन्यथा घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है।



# नृत्य और संगीत को बनाइए अपनी दिनचर्या का हिस्सा, रहेंगे सेहतमंद

योग हो या नृत्य, ये आपके शरीर को लचीला बनाते हैं, जिससे मोटापा घटता है और स्टैमिना बढ़ता है। योग और संगीत आपके फेफड़ों तथा हृदय की सेहत में सुधार करते हैं एवं शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। योग में शास्त्रीय नृत्य की भी बहुत-सी मुद्राएं हैं और भारतीय नृत्य की हर शैली में योग की क्रियाएं। इसीलिए डांस एक्सरसाइज का काम भी करता है और योग आपके मन को सुकून पहुंचाता है। स्वस्थ जीवनशैली के लिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि योग और संगीत को हम अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं।

मशहूर शास्त्रीय नृत्यांगना मोलिना सिंह को बचपन से योग के आसन, क्रियाएं और मुद्राएं बहुत पसंद थीं। उन्होंने जब दिल्ली के कथक केंद्र में दाखिला लिया तो वहां पहले उन्हें 'निष्पंद भाव' में बैठने को कहा गया। इसमें पैरों को फैलाकर, दीवार का सहारा लेकर, हाथों को जांघों पर रखकर निष्क्रिय रूप से किसी ध्वनि को सुनते हुए बैठना था। इस अवस्था से जब वह बाहर आईं तो पूरी तरह तरोताजा और नृत्य के लिए तैयार थीं।



प्रसिद्ध योग चिकित्सक और नृत्यांगना गीति शिराजी महाजन ने 15 साल तक भरतनाट्यम सीखने के बाद जब पहली बार अमेरिका में हठ योग की कक्षा में प्रवेश लिया तो उन्हें ऐसा लगा, मानो योग आसनों को तो वह हमेशा से करती रही हैं। वास्तव में, यह भरतनाट्यम की मुद्राओं की वजह से था। तब उनके मन में योग के बारे में अधिक जानने की जिज्ञासा पैदा हुई, जिसने उन्हें योग चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया। वास्वत में, योग और नृत्य में गहरा अंतर्संबंध है। दोनों की उत्पत्ति महादेव ने की है। 'आदियोगी' भी शिव हैं और नृत्य के राजा नटराज भी। वे लास्य (सृष्टि करने वाला कोमल नृत्य) और तांडव (विनाश करने वाला ऊर्जावान नृत्य) दोनों करते हैं। लास्य और तांडव को स्त्री और पुरुष ऊर्जा के रूप में समझा जाता है, जिसकी तुलना हठ योग में सूर्य (ह) और चंद्रमा (ठ) ऊर्जा से की जा सकती है। इसीलिए दोनों का लक्ष्य शारीरिक उत्थान के माध्यम से सर्वोच्च चेतना के साथ मिलन है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत के शास्त्रीय नृत्यों की जड़ें योग में हैं।

### दिमागी कसरत अधिक, शारीरिक श्रम न के बराबर

आज के समय में दिन में आठ-नौ घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करने से दिमागी कसरत तो होती है, लेकिन शारीरिक श्रम न के बराबर होता है। पहले दफ्तर तक जाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल शरीर से कुछ मेहनत करा लिया करता था, लेकिन अब आरामदायक गाड़ियों ने उसे भी छीन लिया है। घरों में भी अब चक्की से गेहूं नहीं पीसा जाता। चटनी पीसनी हो तो मिक्सर, जूस बनाना हो तो जूसर, मसाले कूटने हों तो ग्राइंडर और कपड़े धोने हों तो वॉशिंग मशीन, यानी हर तरह से शारीरिक मेहनत कम से कम होती जा रही है। ऐसे में कामकाजी महिला-पुरुष हों या गृहिणियां, सभी का वजन बढ़ने लगता है और मोटापा अपने साथ कई बीमारियां लेकर आता है, जैसे कि शुगर, ब्लड प्रेशर आदि। वजन उनका मानसिक तनाव बढ़ा देता है। और चिड़चिड़ेपन तथा लड़ने-झगड़ने का असर परिवार एवं बच्चों पर पड़ता है। ऐसे में वजन कम करने और रोगों से बचने के लिए आप योग की शरण ले सकती हैं या फिर नृत्य-संगीत के जरिये भी मजेदार और रोचक ढंग से अधिक कैलोरी बर्न करके वजन कम कर सकती हैं। योग हो या नृत्य, ये आपके शरीर को लचीला बनाते हैं, जिससे मोटापा घटता है और स्टैमिना बढ़ता है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्पाइडर मैन बनकर रह गए टोबी आगे फिल्मों में नहीं मिला काम



कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो किसी कलाकार की पहचान बन जाते हैं। लोग उसे उसके असली नाम से नहीं बल्कि उसके कैरेक्टर के नाम से ही पहचानते हैं। ऐसा ही एक किरदार है 'स्पाईडर मैन'का। जो पूरे विश्व में फेमस है और बच्चा-बच्चा इस किरदार को जानता है। इस कैरेक्टर को निभाया है अभिनेता टोबी मैग्वायर ने। टोबी ने स्पाइडर मैन का किरदार 26-27 साल की उम्र में निभाया था। ये फिल्म और किरदार घर-घर में काफी मशहूर हुए। टोबी का बचपन मुफलिसी में ही बीता है। बाद में इतने मशहूर एक्टर बने टोबी बचपन में एक्टर नहीं बल्कि शेफ बनना चाहते थे। इसके लिए वो छठी क्लास में होम साइंस में एडमिशन भी लेना चाहते थे। लेकिन उनकी मां ने उन्हें 100 डॉलर दिए और कहा कि अगर पैसा चाहिए तो ड्रामा क्लास जॉइन करनी पड़ेगी। टोबी मान गए और रोजाना ड्रामा क्लास लेने लगे। टोबी ने अपने करियर की शुरुआत एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की। टोबी सबसे पहले 'द विजार्ड' में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए थे। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काफी काम किया। इसके बाद उन्होंने सेकेंड लीड के तौर पर भी काफी काम किया। साल 2000 तक टोबी ने काफी सारे ऐड्स और छोटे-मोटे शो और फिल्मों में काम कर लिया था। 1992 में उन्हें फॉक्स टीवी सीरीज 'ग्रेट स्कॉट' में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था। लेकिन इसे प्रीमियर के नौ सप्ताह बाद कैंसिल कर दिया गया था। टोबी मैग्वायर और 'टाइटैनिक' फेम एक्टर लियोनार्डो डीकैप्रियो काफी अच्छे दोस्त हैं।

### टॉलीवुड

## 'कल्कि' की रिलीज का एक साल पूरे होने का मनाया जश्न, अमिताभ ने भी दी टिप्पणी



साउथ स्टार प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज को आज एक साल हो गए हैं। इस बात का जश्न मनाते हुए निर्माताओं ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। नाग अश्विन द्वारा सह-लिखा और निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज को आज एक साल हो गया है। निर्माताओं ने इस बात का जश्न मनाते हुए एक खास सोशल मीडिया पोस्ट किया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, हमने एक सपने के साथ शुरुआत की थी और आपने इसे एक महाकाव्य में बदल दिया। 'कल्कि' के 1 साल का जश्न मनाते हुए। दर्शकों को धन्यवाद। यह यात्रा जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। निर्माताओं के अलावा प्राइम वीडियो ने भी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया और कैप्शन में लिखा, 'वह साल 2024 था, जब हमने कल्कि 2898 एडी के प्रलय-पश्चात की 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून, 2024 में रिलीज हुई थी। यह एक भारतीय तेलुगु भाषा की महाकाव्य पौराणिक विज्ञान-काल्पनिक फिल्म है। इस फिल्म को नाग अश्विन ने सह-लिखा और निर्देशित किया है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित, इसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी ने अहम भूमिका निभाई है। हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित यह फिल्म नियोजित 'कल्कि' सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली किस्त है। अब इस फिल्म का दूसरा भाग भी आएगा, जिसका प्रशंसकस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने भी 'कल्कि 2898 एडी' के एक साल पूरे होने पर एक खास पोस्ट एक्स हैंडल पर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इसका एक हिस्सा बनने के लिए कहा जाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### भोजपुरी

## एआर एंड एस प्रोडक्शन की फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग जौनपुर में शुरू



ए.आर. एंड एस प्रोडक्शन हाउस बैनर के तले बनाई जा रही भोजपुरी फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में जोर शोर से चल रही है। फ़िल्मि निर्माता संजय सिंह सोलंकी द्वारा बिग लेबल बन रही इस फ़िल्मि के हीरो जीतेन्द्र सिंह और हीरोइन सीमा गुप्ता सहित जेपी सिंह, संजय वर्मा, अभय राय, इंद्रसेन यादव, रवि यादव, बबलू यादव, सरस्वती जी, अनुराधा जी, पूनम सहित सभी कलाकार उम्दा अभिनय का जौहर दिखा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन जाने माने फ़िल्मि निर्देशक नरेंद्र सिंह (मुन्ना सिंह) कर रहे हैं। फिल्म के संगीतकार दिवाकर मिश्रा और डीओपी प्रदीप शर्मा हैं। गौरतलब है कि माँ की ममता पर आधारित फिल्म 'जिंदगी में माँ सब कुछ' की शूटिंग विधिवत पूजा अर्चना करके उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में शुरू की गई है। फ़िल्मि निर्माता संजय सिंह सोलंकी हर एक सीन का पिक्चराइजेशन एकदम रीयल के जैसा ही करवा रहे हैं। यह फिल्म जब रिलीज होगी तो इस फिल्म को देखकर गांव से शहर में बसे हुए लोगों को बरबस ही अपने अपने गांव की याद जरूर आएगी। ये फ़िल्मि पारिवारिक व सामाजिक संदेश लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। उल्लेखनीय है कि शूटिंग के सेट पर फ़िल्मि के निर्माता संजय सिंह सोलंकी ने कहा कि 'हमारी फ़िल्मि की शूटिंग शुरू हो गई है।

## लाइफ स्टाइल

### क्रांति का फैशन




हमारे दैनिक जीवन की राजनीति में कपड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। फ्रांसीसी क्रांति के दौरान पोशाक की शैलियाँ निष्ठाओं को व्यक्त करने का एक स्पष्ट तरीका बन गईं थी। क्रांति के दौर की वही फ्रांसिसी पोशाक फिर एक बार फैशन के तौर पर नमूदार हुई है। हालांकि इस राजसी पोशाक ने कोई ट्रेंड सेट नहीं किया फिर भी लोग इसे पसंद कर रहे हैं।

## घर पर करें गुलाब फेशियल, पाएं ग्लोइंग स्किन

अखबार और टीवी में रोजाना नई क्रीम, फेस पैक और कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन दिखते हैं। इन्हें देखकर हमें भी बेदाग और दमकती त्वचा पाने की चाह होती है। पर क्या सच में ये केमिकल वाले प्रोडक्ट्स इतने असरदार होते हैं कि लगाते ही चेहरे पर चमक आ जाए? नहीं, यह सिर्फ एक गलतफहमी है। अगर कुछ प्रोडक्ट्स से थोड़ी देर के लिए चमक आती भी है, तो वे केमिकल से भरे होते हैं। इनसे आपको कुछ वक्त के लिए चमक तो मिल जाती है, लेकिन इनके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते। वहीं यह आपके महीने का बजट को भी हिला कर रख देता है। ऐसे में, अगर आपको चेहरे पर प्राकृतिक चमक चाहिए, तो आप गुलाब के फूल से आसानी से फेशियल कर सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉ. भारती तनेजा बताती हैं, ₹ प्रकृति ने हमें ऐसी कई चीजें दी हैं, जो चेहरे पर नेचुरल ग्लो ला सकती हैं। इनमें से गुलाब बहुत ही लाभदायक है। आप केवल 2 से 3 गुलाब के फूलों से घर पर ही पूरा फेशियल कर सकती हैं। यह फेशियल 7 आसान स्टेप्स में किया जा सकता है। यह आपकी त्वचा को बिना किसी केमिकल के नुकसान पहुंचाए प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाएगा। तो अब केमिकल वाले प्रोडक्ट्स पर पैसा खर्च करने की बजाय, गुलाब की मदद से अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाएं।

### चेहरे को क्लीन करें

फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेप है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही इसके लिए सामग्री 2 मुट्ठी गुलाब की पंखुड़ियां,1 गिलास पानी,1 बड़ा



चम्मच नींबू का रस,1 छोटा चम्मच ऑलिव ऑयल चाहिए।

### विधि

वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छे टोनर का काम करेगा। इसके लिए आपको एक गिलसा पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें। फिर आप इसे टोनर की तरह इस्तेमाल करें और चेहरे को साफ करें। चेहरे को स्क्रब करने से डेड स्किन रिमूव होती है। इससे चेहरे का कालापन और खुरदुरापन भी कम होता है। आप गुलाब के फूल से घर पर ही बहुत अच्छा स्क्रब तैयार कर सकती हैं।

## गोटा पट्टी ब्लाउज के डिजाइंस आपकी सिंपल साड़ी को देंगे डिजाइनर लुक



गोटा पट्टी का काम पारंपरिक परिधानों में एक खास चमक और खूबसूरती जोड़ता है और यही वजह है कि महिलाओं के बीच गोटा वर्क वाले आउटफिट्स की जबरदस्त डिमांड रहती है। बाजार में आपको गोटा पट्टी वर्क वाली साड़ियों की भरपूर वेराइटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन अब केवल साड़ियों तक ही यह वर्क सीमित नहीं है। गोटा पट्टी ब्लाउज भी खूब ट्रेंड में हैं। ये ब्लाउज इतने आकर्षक और मनभावन होते हैं कि एक नजर में ही उन्हें खरीदने का मन करता है। हालांकि, गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए, यह समझना बेहद जरूरी है। क्योंकि कई बार महिलाएं इन सुंदर ब्लाउज को खरीद तो लेती हैं, लेकिन उन्हें गलत साड़ी के साथ पहनकर अपना पूरा लुक बिगाड़ बैठती हैं। सही साड़ी के साथ मैच न करने पर ना तो ब्लाउज की खूबसूरती उभरकर आती है और ना ही पहनने वाली का लुक खास बन पाता है। इसलिए जरूरी है कि गोटा पट्टी वाले ब्लाउज को जॉर्जेट, शिफॉन, सिल्क या नेट वाली साड़ी के साथ पहना जाए। आज हम न केवल आपको गोटा वर्क ब्लाउज के बेहतरीन डिजाइनों से रूबरू कराएंगे, बल्कि यह भी बताएंगे कि किस मौके पर और किस फैब्रिक की साड़ी के साथ इन्हें कैसे स्टाइल किया जाए, ताकि आपका लुक पारंपरिक होते हुए भी ट्रेंडी और खूबसूरत दिखे।





### गोटा पट्टी ब्लाउज की डिजाइंस

गोटा पट्टी का काम राजस्थानी कला का एक बेजोड़ उदाहरण है। यह एम्ब्रॉयडरी पूरे विश्व में लोकप्रिय है। एक छोटा और पतला सा गोटा पूरे ब्लाउज की खूबसूरती में चार-चांद लगा देते हैं। ऐसे में किस तरह के गोटे वाले ब्लाउज आप किस तरह की साड़ी के साथ पहन सकती हैं, चलिए हम आपको बताते हैं।

### गोटा पट्टी चेक एम्ब्रॉयडरी ब्लाउज डिजाइन

नेट फैब्रिक में भी अब गोटा वर्क वाली साड़ी आती हैं और इस तरह की साड़ी के साथ आप साटन के ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

## झाइयों को दूर करें बेहद कम खर्च में

चेहरे की खूबसूरती तब फीकी पड़ जाती है जब उस पर दाग-धब्बे या झाइयां दिखाई देने लगती हैं। खासकर जब बात झाइयों की हो, तो यह समस्या और भी ज्यादा चिंता बढ़ा देती है क्योंकि झाइयां इतनी आसानी से दूर नहीं होतीं। चेहरे पर एक छोटा सा निशान भी पूरे लुक को बिगाड़ सकता है, ऐसे में अगर झाइयों के काले धब्बे चेहरे पर दिखाई देने लगें, तो आत्मविश्वास पर भी असर पड़ता है। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं, क्योंकि अब आप आसान घरेलू उपाय से झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकते हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट सोमा घोष बताती हैं कि इसेआप घर पर ही बहुत कम खर्च में बना सकती हैं।

### नींबू से साफ होंगी झाइयां

नींबू विटामिन-सी का बहुत अच्छा सोर्स होता है। अगर आप झाइयों से परेशान हैं, तो आपको एक बार नींबू के जेल का इस्तेमाल करके देखना चाहिए, जो घर पर ही आसानी से बस सकता है।

### एंटी पिग्मेंटेशन फेस जेल

विटामिन-सी त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है। जिस जेल की विधि हम आपको



आज बताने जा रहे हैं, उसमें विटामिन-सी की मात्रा भरपूर है। सबसे अच्छी बात है कि इस जेल को बनने में आपको केवल 2 रुपये ही खर्च करने पड़ेंगे बाकी सारी सामग्री आपके घर पर ही उपलबध हो जाएगी।

### फेस जेल बनने की विधि

सबसे पहले एक छोटी सी कटोरी में नींबू का रस निकाल कर रखें। ध्यान रखें पीले नींबू का रस ही लें। हरे नींबू रस बहुत ज्यादा एसेडिक होता है। इसके बाद आप नींबू के रस में एलोवेरा जेल डालें। आपके घर में अगर एलोवेरा का पौधा लगा है, तो उससे पत्ती को तोड़कर उसका जेल भी यूज कर सकती हैं। इसके लिए पहले पत्ती को 30 मिनट के लिए पानी में डिप करें और फिर जब उसका पीला पदार्थ निकल जाए, तो उसका जेल निकाल कर कटोरी में डाल लें।

## जींस और टॉप के साथ पेयर करें खास फुटवियर, जो देंगे पैरों को क्लासी लुक

फैशन की दुनिया में रोजाना नए-नए ट्रेंड बदलते रहते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं फैशनेबल लुक क्रिएट करने के लिए काफी कोशिश करती हैं। आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें आप जींस टॉप या जींस शर्ट के साथ शामिल कर सकती हैं।

### वेज सैंडल

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए आप जींस और टॉप के साथ इस तरह की खूबसूरत वेज सैंडल फुटवियर ट्राई कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देंगे, बल्कि यह आपके लुक को एलिगेंट और क्लासिक टच देने में भी आपकी मदद करेंगे। आप इस तरह के फुटवियर को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### थोंग फ्लिप-फ्लॉप

अगर आप जींस के साथ टी-शर्ट पहन रही हैं और अपने इस लुक को डिफरेंट और गॉर्जियस लुक देना चाहती हैं, तो अब आप अपने आउटफिट के साथ इस तरह के खूबसूरत थोंग फ्लिप-फ्लॉप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपको



डिफरेंट लुक देंगे में मदद करेंगे, बल्कि इससे आप अपने पैरों की खूबसूरती को भी बढ़ा सकती हैं। आप इस तरह के फुटवियर को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### टेक्सचर्ड ब्लॉक हील पंप्स

ड्रेस चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना हो, लेकिन जब तक फुटवियर सही नहीं हो तब तक आपका लुक गॉर्जियस बन नहीं सकता है। ऐसे में जींस और टॉप के साथ आप इस तरह की खूबसूरत टेक्सचर्ड ब्लॉक हील पंप्स फुटवियर को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

#### फ्लोरल शर्ट को अलग-अलग तरीकों से पहनें, दिखेंगे अट्रैक्टिव और स्टाइलिश

## बारिश के मौसम में फ्लोरल शर्ट देगी आपको ग्लैमरस लुक, डिजाइन पर फिदा हो जाएंगे लोग

बारिश के मौसम में पुरुषों के लिए फ्लोरल शर्ट परफेक्ट हैं। खासकर कैजुअल लुक के लिए इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। समर सीजन में टॉप वियर में इस स्टाइल की शर्ट को अपने वार्डरोब में शामिल करें। कई लोगों को लगता है कि फ्लोरल शर्ट को एक ही तरीके से पहन सकते हैं। जैसे- हमारे एक जान-पहचान वाले साथी ने कहा कि फ्लोरल शर्ट बस समुद्र तट पर घूमने फिरने के लिए सही है। हां, ये सच है कि ट्रिप के दौरान स्टाइलिश लोग फ्लोरल शर्ट पहनना पसंद करते हैं। मगर उनको ये पता ही नहीं कि फ्लोरल शर्ट को कहीं भी किसी ओकेजन पर पहनकर जा सकते हैं। अपने ऑफिस से लेकर पार्टी तक में ऐसे कैजुअल शर्ट को पहनना अच्छा रहता है। इसलिए हम यहां पर फ्लोरल शर्ट



को अलग-अलग तरीकों से पहनकर जाने का तरीका बता रहे हैं। आप अपनी फ्लोरल शर्ट की मैचिंग कैसे कर सकते हैं। ये बात भी आपको यहां पर सीखने को मिलेगी-

### चिनोज और फ्लोरल शर्ट

चिनोज के साथ फ्लोरल शर्ट को पहना जा सकता है। इसके लिए एक बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन वाले चिनोज पैंट के साथ परफेक्ट फिटिंग वाली फ्लोरल शर्ट पहनें। इसको पहनने के बाद लुक में निखार आएगा।

### कब पहनें

अगर आपके ऑफिस में कैजुअल ड्रेस पहनने की अनुमति है तो वहां पहनकर जाएं। अन्यथा कैजुअल ड्रेस डे के दिन पहनकर जा सकते हैं। ये परफेक्ट होगा। इसके अलावा डेट पर जाने के लिए भी ये सही है।



### जींस और फ्लोरल प्रिंट शर्ट

जींस के साथ ही फ्लोरल प्रिंट वाली शर्ट को पहन सकते हैं। इस तरह की शर्ट में आपको मनचाहा लुक मिल सकता है। गर्मी के सीजन में जींस के साथ हाफ स्लीव फ्लोरल शर्ट को पहनें। अन्यथा फुलस्लीव वाली शर्ट की बांहों को भी मोड़कर पहन सकते हैं।

### कब पहनें

इस तरह के लुक में ऑफिस जाया जा सकता है। इसके अलावा शॉपिंग या आउटिंग के दौरान ऐसे ड्रेसअप में जाएं।

बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट

गर्मी के सीजन में कहीं घूमने-फिरने जा रहे हैं तो बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट लेकर जाएं। समुद्र तट पर या द्वीप पर छुट्टियों के दौरान ऐसी ड्रेस में परफेक्ट लुक मिल सकता है।

### कब पहनें

इस तरह की ड्रेस को पहनकर घर पर रह सकते हैं। इसके अलावा आप ट्रिप पर ऐसी ड्रेस पहनकर जाएं। मगर ऑफिस के लिए ऐसे लुक को ट्राय करने से बचें।